संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -277 मंगलवार, 08 अगस्त 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

राहुल गांधी की संसद सदस्यता हुई बहाल

लोक सभा सचिवालय ने जारी की अधिसूचना

नई दिल्ली,07अगस्त 2023 (ए)। सुप्रीम कोर्ट द्वारा सजा पर रोक लगाए जाने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता फिर से बहाल हो गई है।लोक सभा सचिवालय ने 4 अगस्त 2023 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले का हवाला देते हुए सोमवार को एक अधिसूचना जारी कर कर केरल की वायनाड लोक सभा सीट से राहुल गांधी की संसद सदस्यता फिर से बहाल कर दी है।

राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल करने पर संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा स्पीकर ने आज ये फैसला लिया। हमने कानूनी प्रक्रिया का पालन किया और सुप्रीम कोर्ट का आदेश मिलते ही हमने इसे बहाल कर दिया।

आपको बता दें कि गुजरात के सूरत की एक अदालत द्वारा राहुल गांधी को दो साल की सजा दिए जाने के बाद, लोक सभा सचिवालय ने 24 मार्च 2023 को एक नोटिफिकेशन जारी कर 23 मार्च 2023 से उनकी लोक सभा की सदस्यता को रद्द कर दिया गया था।

सदस्यता बहाल होने पर 137 दिन बाद लोकसभा पहुंचे राहुल गांधी

कांग्रेस नेता व केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र से पार्टी के सांसद राहुल गांधी की संसदीय सदस्यता दोबारा बहाल होने के बाद वे सोमवार को संसद भवन पहुंचे। राहुल गांधी की 137 दिन के बाद संसद भवन में वापसी हुई है। मोदी सरनेम मामले में अदालती आदेश के बाद 23 मार्च को उनकी लोकसभा की सदस्यता रद्द कर दी गई थी।

राहुल गांधी की सांसदी बहाल होने पर कांग्रेस नेताओं ने जताई खुशी, सीएम बघेल बोले- नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद की सदस्यता बहाल होने पर तमाम नेताओं की प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई है। इस बीच छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राहुल गांधी की सांसदी बहाल होने पर शायराना अंदाज में प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ट्वीट पर एक शायरी पोस्ट की और कहा, नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत, अन्याय के खिलाफ न्याय की जीत, असत्य के खिलाफ सत्य की जीत, तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र की जीत, षड्यंत्रों के खिलाफ इंडिया की जीत। सीएम बघेल ने आगे लिखा, राहुल गांधी के माध्यम से संसद में सड़क की आवाज फिर गूंजेगी। समस्त देशवासियों को बधाई।

राहुल गांधी 2019 के लोक सभा चुनाव में केरल के वायनाड से सांसद चुने गए थे

सुप्रीम कोर्ट ने 4 अगस्त को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में उनकी सजा पर रोक लगा दी थी, जिससे उनकी लोकसभा सदस्यता बहाल करने का रास्ता साफ हो गया था। सूत्रों के मुताबिक, बिरला दफ्तर को सुप्रीम कोर्ट का आदेश मिल गया है और वह सोमवार को गांधी की सदस्यता बहाल करने पर फैसला ले सकते हैं। कांग्रेस चाहती थी कि राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता जल्द से जल्द बहाल हो जाए, जिससे अविश्वासस प्रस्ताव पर चर्चा में उनकी भागीदारी का रास्ता साफ हो जाए।

ज्ञात हो कि राहुल गांधी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 4 अगस्त को उनके खिलाफ मानहानि मामले में उनकी सजा पर रोक लगा दी थी। सूरत की एक अदालत ने पहले उन्हें दोषी पाया था और उन्हें अधिकतम दो साल की कैद की सजा सुनाई थी, जिसके कारण उन्हें लोकसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

गुजरात हाईकोर्ट ने सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी।

राज्यसभा में विपक्ष ने उठाया मणिपुर का मुद्दा

» सत्ता पक्ष ने की राजस्थान पर चर्चा की मांग

नई दिल्ली,07 अगस्त 2023 (ए)। राज्यसभा में एक बार फिर मणिपुर हिंसा को लेकर जोरदार हंगामा हुआ जिसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन से जुड़े विपक्षी दल मणिपुर हिंसा पर चर्चा की मांग कर रहे थे। वहीं भाजपा ने राज्यसभा में राजस्थान को लेकर चर्चा की मांग रखी। विपक्ष ने सदन में 'मणिपुर मणिपुर' के नारे लगाए और हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही को स्थगित करना पड़ा। कांग्रेस समेत विपक्ष के कई सांसदों ने मणिपुर पर चर्चा के लिए सभापति को नोटिस दिया था।उधर, भाजपा के राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी ने सदन में कहा कि वे राजस्थान के मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान को लेकर उनका पहला मुद्दा लाल डायरी और दूसरा मुद्दा वहां हो रही बलात्कार की वारदाते हैं।

कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सदन में मणिपुर हिंसा पर तुरंत चर्चा कराई जानी चाहिए। मणिपुर में लगातार कई दिनों से हिंसा हो रही है और मणिपुर जल रहा है। इसके बाद नेता सदन पियूष गोयल बोलने के लिए खड़े हुए और उन्होंने घनश्याम तिवारी की मांग का समर्थन किया। पीयूष गोयल ने कहा कि राजस्थान की स्थिति पर राज्यसभा में चर्चा कराए जाने की मांग का वह समर्थन करते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने सेंथिल बालाजी की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिकाएं की खारिज

नई दिल्ली,07 अगस्त 2023 (ए)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को गिरफ्तार तमिलनाडु के मंत्री वी. सेंथिल बालाजी और उनकी पत्नी द्वारा मद्रास उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें द्रमुक नेता को नौकरियों के बदले नकद घोटाले के मामले में हिरासत में लेने के ईडी के अधिकार को बरकरार रखा गया था।

न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना की पीठ और एम.एम. सुंदरेश ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को बालाजी को 12 अगस्त तक हिरासत में लेने की अनुमति दी। पीठ ने माना कि गिरफ्तार मंत्री की पत्नी एस. मेगाला द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट रिमांड आदेश को चुनौती देने योग्य नहीं है।सुप्रीम कोर्ट ने 2 अगस्त को दोनों पक्षों को सुनने के बाद याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था और ईडी द्वारा मांगी गई पुलिस रिमांड के संबंध में कोई अंतरिम निर्देश पारित करने से इनकार कर दिया था।

बालाजी का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने तर्क दिया था कि गिरफ्तारी से 15 दिन की समाप्ति के बाद, किसी आरोपी को पुलिस हिरासत में नहीं रखा जा सकता है।

शीर्ष अदालत ने इस आशंका के बाद याचिकाओं को तत्काल सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई थी कि बालाजी को कभी भी पुलिस हिरासत में लिया जा सकता है और अगर मामले की तुरंत सुनवाई नहीं की गई तो याचिकाएं निरर्थक हो जाएंगी।

लोकसभा में डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल 2023 पारित

नई दिल्ली,07 अगस्त 2023 (ए)। सुप्री लोकसभा में पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन विधेयक, 2023 पारित हो गया है। आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे लोकसभा में पेश करते हुए कहा कि यह विधेयक वैश्विक स्तर पर भारतीय नागरिकों के डेटा की सुरक्षा के लिए है। विपक्षी दलों ने इस पर आपत्ति जताते हुए इसे विचार के लिए संसदीय समिति को भेजने की मांग की। इस विधेयक के तहत प्रत्येक डेटा उल्लंघन के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर 250 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। भारत में सभी ऑनलाइन और ऑफलाइन डेटा इसके कानूनी डोमेन के अंतर्गत आएंगे।

क्यों थी इस विधेयक की जरुरत?

दरअसल, देश में डिजिटल क्रांति के बीच देश के नागरिकों के डेटा सुरक्षित रखने को लेकर दबाव बढ़ रहा था। इससे जुड़े अपराधों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। ऐसे में जरुरी था कि ऐसा कानून बने जिससे आम लोगों का डेटा सुरक्षित हो और इसका उल्लंघन करनेवालों पर कड़ी कार्रवाई हो। यह डेटा प्रोटेक्शन बिल नागरिकों के डिजिटल अधिकारों और कर्तव्यों को निर्धारित करेगा और डेटा संबंधित फ्रॉड को नियंत्रित करेगा।

विधेयक की मुख्य बातें

अब देश के पर्सनल डेटा का संग्रह और उपयोग लीगल मीडियम से होगा और इसके मिसयूज को कंट्रोल करते हुए उसके प्रोटेक्शन को लेकर पारदर्शिता बनाई जाएगी।

यह भारत में डिजिटल व्यक्तिगत डेटा के तमाम ऐसे प्रसंस्करण पर लागू होगा जहां ऐसा डेटा ऑनलाइन याऑफ़लाइन एकत्र किया जाता है और डिजिटलीकृत किया जाता है।

व्यक्तिगत डेटा को किसी व्यक्ति की सहमति पर केवल वैध उद्देश्य के लिए संसाधित किया जा सकता है। यूजर्स के डेटा का इस्तेमाल करने के लिए कंपनियों को अब परमिशन लेना होगा।

व्यक्तिगत डेटा उल्लंघन की स्थिति में बोर्ड और प्रभावित पक्षों को सूचित करने में विफलता और बच्चों के संबंध में अतिरिक्त दायित्वों को पूरा न करने पर 200 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लग सकता है।

विधेयक व्यक्तियों को कुछ अधिकार प्रदान करता है जिसमें जानकारी प्राप्त करने, सुधार और मिटाने का अधिकार और शिकायत निवारण का अधिकार शामिल है।

वंदे भारत एक्सप्रेस पर फिर हुआ पथराव

कोच के शीशे टूटे सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

नई दिल्ली,07 अगस्त 2023 (ए)। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक बार फिर ट्रेन पर पत्थरबाजी हुई है। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में कुछ अज्ञात लोगों ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर बरसाए, जिससे कोच का शीशे टूट गए। उधर, आरपीएफ ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ट्रेन में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के माध्यम से अराजक तत्वों की तलाश की जा रही है।जानकारी के मुताबिक, यह घटना तब हुई जब वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन गोरखपुर से लखनऊ की ओर से जा रही थी। करीब 10 बजे बाराबंकी के सफेदाबाद रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन पर पत्थर फेंके गए, जिससे उसके एक कोच का शीशे टूट गए। करीब 10ः40 पर ट्रेन लखनऊ पहुंची, तब आरपीएफ की एस्कोर्ट ट्रेन ने कंट्रोल रूम को इसकी सूचना दी।

मस्जिद कहना बंद करो,शिव मंदिर है...

ज्ञानवापी पर बोले धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

छतरपुर,07 अगस्त 2023 (ए)। वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद में चल रहे सर्वे के बीच बागेश्वर धाम वाले धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा है कि इसे मस्जिद ना कहा जाए। बाबा बागेश्वर ने कहा कि ज्ञानवापी जब एक शिवमंदिर है इसलिए उसे ज्ञानवापी मस्जिद कहा जाना बंद होना चाहिए। भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने को अपना लक्ष्य बताने वाले बागेश्वर सरकार ने नूंह पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे देश के लिए दुर्भाग्य बताया। बता दें कि ज्ञानवापी परिसर में सोमवार को लगातार चौथे दिन भी ,स्ढ्ढ ने करीब 4 घंटे तक सर्वे किया गया। सोमवार को सावन का सोमवार होने के चलते एएसआई की टीम ने कुछ ही घंटे बाद सर्वे का काम किया। इससे पहले रविवार को टीम का फोकस मस्जिद के तीन गुंबदों और उसके नीचे स्थित मुख्य हॉल पर रहा। टेंपल आर्किटेक्ट की संरचना की हर पहलू से जांच के लिए मैपिंग भी की गई। इसके जरिए ,स्ढ्ढ मंदिर और मस्जिद के स्थापत्य का अध्ययन करेगा।

शनिवार को जिस तहखाने में सर्वे हुआ था वहां कई मशीनें लगाकर जांच की गई। उन मशीनों से भी जांच की गई जो ध्वस्त प्राचीन इमारतों की मलबे के ऊपर से बेहद सटीक मापी करने में सक्षम है। सर्वे को लेकर हिंदू पक्ष के दावों और बयानों पर मुस्लिम पक्ष की कड़ी आपत्ति का असर देखने को मिला। हिंदू पक्ष के वकीलों ने बस इतना कहा कि सर्वे वैज्ञानिक ढंग से सुचारू रूप से चल रहा है।

तो क्या? राजनैतिक षडयंत्र का शिकार हो रहे गर्गू?

हाल ही में कोतमा विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी भोपाल व दिल्ली पहुंचे और स्थानीय विधायक के खिलाफ अपना कड़ा रुख पार्टी के सामने रखा

» इन कार्यकर्ताओं का कहना है कि बीते पांच साल से उनके विधानसभा में विधायक द्वारा अपने ही कार्यकर्ताओं को निशाना बनाते हुए भाजपा से मिलकर कानूनी कार्यवाही करा रहे हैं...

» वहीं कार्यकर्ताओं का कहना है कि कांग्रेस विधायक सुनील सराफ की पार्टी नहीं है, ऐसे में पार्टी के अन्य लोगों को भी चुनाव लड़ने का मौका मिलना चाहिए। इन्ही सब मुद्दो के चलते अब विधायक सुनील सराफ उन चेहरों के खिलाफ कार्यवाही से भी गुरेज नहीं कर रहे कभी जिनकी बदौलत आज इस मकाम तक का सफर तय किया है...

-अरविंद द्विवेदी-
अनूपपुर,07अगस्त 2023(घटती-घटना)। क्षेत्रीय क्षत्रपों के मनमुटाव के बाद अब मध्यप्रदेश कांग्रेस में कार्यकर्ताओं का विरोध नेतृत्व के माथे पर शिकन का कारण बन सकता है। जिले के नगर पालिका बिजुरी में हुए भ्रष्टाचार की जांच पर बीते दिनों लोकायुक्त व बिजुरी पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुये नगर पालिका बिजुरी से चोरी हुये 47 लाख का 900 केबीए जनरेटर के मामले में लोकायुक्त पुलिस ने कांग्रेस के पूर्व जिला महामंत्री व पूर्व नपा उपाध्यक्ष बिजुरी राकेश शुक्ला उर्फ गर्गू के घर से 250 के×वीए का जब्त करते हुये बिजुरी थाना में लाया गया। जानकारी के अनुसार लोकायुक्त पुलिस द्वारा नगर पालिका बिजुरी में हुए भ्रष्टाचार की जांच की जा रही है।

लोकायुक्त रीवा के निरीक्षक ने दी जानकारी

लोकायुक्त रीवा के निरीक्षक परमेन्द्र कुमार ने बताया कि नपा बिजुरी में सामग्री खरीदी में हुई अनियमितताओं पर अपराध क्रमांक 39/23 दर्ज किया गया जिसकी जांच मेरे द्वारा की जा रही है। इसमें एक भ्रष्टाचार जनरेटर से संबंधित है जिसे बिजुरी नगर पालिका द्वारा 47 लाख रुपये के 900 केव्ही का जनरेटर एम.आर. ट्रेडर्स से जुलाई 2021 में खरीदा गया था। जिसके लिए प्रस्ताव 10 मई को पास करते हुए 19 मई को टेंडर जारी किया गया और जिसका भुगतान 8 दिसंबर 2021 को कर दिया गया। लोकायुक्त रीवा के निरीक्षक ने बताया कि नगर पालिका ने एम.आर. ट्रेडर्स को 250 केव्ही वर्क आर्डर जारी किया था, जबकि नगर पालिका परिषद ने अपनी लिखा पढ़ी में 900 केव्ही का जनरेटर प्राप्त करना दर्शाया गया है। वही टेंडर में भी 900 केवीए की खरीदी की बात कही गई थी जिसे आज भी जेम पोर्टल में देखा जा सकता है। नपा बिजुरी द्वारा 16 जुलाई को निविदाकर एम.आर. ट्रेडर्स को कॉन्ट्रेक्ट जारी किया गया और 19 जुलाई 2021 को बिना जनरेटर खरीदे एमआर ट्रेडर्स द्वारा नपा बिजुरी को इनवॉइस जारी कर दिया गया। नपा की नोटशीट में विनोद पांडेय ने 19 जुलाई 2021 को 900 केवीए जनरेटर प्राप्त करना दर्ज कर लिया और यह भी दर्ज किया की भंडार पंजी 2021 /22 के पृष्ट क्रमांक 040 में दर्ज है। वही एक पन्ने पर भंडार में आने की सील भी लगाई गई है जिस पर अंकित है। उक्त सामग्री भंडार पंजी वर्ष 21 /22 के पृष्ट क्रमांक 40 में दर्ज है और उसके नीचे मीना कोरी के दस्तखत है। जिससे यह साबित होता है कि जनरेटर 19 जुलाई 2021 को प्राप्त किया गया है। वही लद्द्व पोर्टल पर 18 अगस्त 2021 को पावती जेनरेट की है की एक नग जनरेटर प्राप्त हुआ।

बिना खरीदी के ही कर दिया गया लाखों का भुगतान

कांग्रेस नेता राकेश उर्फ गर्गू शुक्ला के घर से जो जनरेटर जब्त हुआ वह 250 केबीए का है। जिसकी खरीदी 5 मार्च 2022 को की गई और खरीद कर नगर पालिका बिजुरी को किराए में दिया गया था तथा भुगतान के लिए 14 जून से 5 अक्टूबर 2022 तक लगातार 7 आवेदन पत्र दिया गया। किंतु नपा ने भुगतान नही किया जिसके चलते उक्त फर्म के द्वारा अपना सामान उठा लिया गया। अब मुद्दे की बात यह है कि जिस जनरेटर को जप्त किया गया है उस जनरेटर में निर्माण का वर्ष दिसंबर 2021 अंकित है तो फिर यह जुलाई में कैसे बिजुरी नपा में दे दिया गया। साथ ही जेनरेटर की मैन्युफैक्चरिंग माह और नगर पालिका की नोटशीट, एम.आर. के बिल से साबित होता है कि नगर पालिका ने बिना जेनरेटर प्राप्त किए ही 19.7.21 को प्राप्त दिखा कर 8.12.21 को पैसा आहरण कर लिया गया।

जिम्मेदार ही कर रहे शिकायतकर्ता को प्रताड़ित

नगर पालिका बिजुरी के पूर्व उपाध्यक्ष सतीश शर्मा जो बीजेपी के नेता हैं उन्होंने अध्यक्ष वा अन्य पार्षदगणों के साथ मिलकर मीना कोरी तत्कालीन सीएमओ द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की शिकायत की थी। जिस पर मीना कोरी के विरुद्ध थाना बिजुरी में मामला पंजीबद्ध हो गया था फिर मीना ने षडयंत्र करके सभी शिकायत कर्ताओं के विरुद्ध जांच प्रतिवेदन बनवाकर लोकायुक्त में मामला पंजीबद्ध करवा दिया। लोकायुक्त द्वारा सिर्फ शिकायतकर्ताओं के विरुद्ध जांच की जा रही है जबकि मूल आरोपी मीना कोरी की न तो जांच की जा रही है और ना ही उसको परेशान किया जा रहा।

राजनैतिक संरक्षण प्राप्त मीना कोरी कार्यवाही से कोसों दूर

बीते वर्ष नपा बिजुरी में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत लोकायुक्त से की गई थी साथ ही बिजुरी थाने में तत्कालीन सीएमओ मीना कोरी के विरुद्ध पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की थी। किंतु राजनैतिक संरक्षण के चलते पुलिस मूल आरोपी जिसके ऊपर करोड़ों के गवन के आरोप लगे हैं, उसके ऊपर कोई भी कार्यवाही करती नजर नही आ रही है। ऐसे में एक साल बीत जाने के बाद भी मूल आरोपी मीना कोरी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। जिसको लेकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।

विभाजनकारी राजनीति कर रहे मोदी

नई दिल्ली , 07 अगस्त 2023 (ए)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्ष पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तंज के बाद उन पर पलटवार किया और उन पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप लगाया।

इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री ने विपक्षी नेताओं पर परोक्ष हमला करते हुए कहा था = भारत छोड़ो आंदोलन ने स्वतंत्रता प्राप्त करने की दिशा में भारत के कदमों में नई ऊर्जा भर दी। इससे प्रेरित होकर, आज पूरा देश कह रहा है सभी बुराइयां भारत छोड़ो।

खड़गे ने प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए एक ट्वीट में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आपने पिछले 10 वर्षों में केवल विभाजन की राजनीति की है। अब इंडिया शब्द भी आपको कड़वा लगने लगा है।

उन्होंने कहा, आपके राजनीतिक पूर्वजों ने भारतीयों को भारतीयों के ही खिलाफ खड़ा किया, ब्रिटिश शासन का समर्थन किया और भारत छोड़ो आंदोलन का कड़ा विरोध किया था। (महात्मा) गांधी की हत्या की साजिश में उनकी संदिग्ध भूमिका रही थी। उन्होंने तिरंगे का विरोध किया था।खड़गे ने कहा, भारत छोड़ो जो 75 वर्षों तक याद नहीं किया गया था, वह अब याद किया जा रहा है। यह हमारी जीत है, भारत इसमें शामिल होगा और इंडिया (भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन) जीतेगा।

कांग्रेस प्रमुख ने मणिपुर की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा, आप मणिपुर हिंसा को नियंत्रित करने में सक्षम नहीं हैं। आपकी विभाजनकारी राजनीति ने समुदायों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर दिया है। अब तक 150 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

संपादकीय

इंडिया की बैठक का एजेंडा!

विपक्षी पार्टियों के गठबंधन 'इंडिया' की तीसरी बैठक मुंबई में होगी। एक बार तारीख बदलने के बाद अब 31 अगस्त और एक सितंबर को बैठक करने का फैसला हुआ है। पहली बार किसी ऐसे राज्य में गठबंधन की बैठक हो रही है, जहां भाजपा का शासन है। पहली बैठक बिहार में हुई थी, जहां राजद, जदयू और कांग्रेस की साझा सरकार है। दूसरी बैठक कर्नाटक में हुई, जहां कांग्रेस की सरकार है। तीसरी बैठक महाराष्ट्र में होगी, जहां शिव सेना, भाजपा और एनसीपी के अजित पवार गुट की सरकार है। विपक्ष की बैठक के लिए जगहों का चुनाव रणनीति के हिसाब से किया जा रहा है। लेकिन उससे ज्यादा अहम सवाल यह है कि क्या मुंबई की बैठक में उन संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा होगी, जिन्हें दो बैठकों से टाला जा रहा है?

विपक्षी पार्टियों ने अभी तक सीट बंटवारे को लेकर चर्चा नहीं है। महाराष्ट्र में कांग्रेस की सहयोगी पार्टियों शिव सेना का उद्धव ठाकरे गुट और एनसीपी का शरद पवार गुट चाहता था कि राज्य की 48 लोकसभा सीटों को लेकर तीनों पार्टियों में चर्चा हो। लेकिन कांग्रेस ने इसे टाल दिया था। प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने कहा था कि अभी चुनाव में देरी है इसलिए सीट बंटवारे की बात अभी नहीं होनी चाहिए। सोचें, जब कांग्रेस एक प्रदेश में सीट बंटवारे को लेकर बातचीत के लिए तैयार नहीं हुई तो वह पूरे प्रदेश में अभी सीट बंटवारे पर चर्चा के लिए क्या तैयार होगी?

असली पेंच यही है कि कांग्रेस के अलावा ज्यादातर पार्टियां चाहती हैं कि सीट बंटवारे पर चर्चा हो जाए। इसमें सबसे ज्यादा बेचैनी आम आदमी पार्टी, शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट और एनसीपी के अजित पवार गुट को है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता भी चाहते हैं कि कांग्रेस के साथ सीट बंटवारा तय हो जाए। ममता बनर्जी पहले कह चुकी हैं कि वे कांग्रेस के लिए उसके हिसाब से सीट छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। कांग्रेस जरूर चाह रही है कि पश्चिम बंगाल में गठबंधन को लेकर तस्वीर साफ हो। वहां सीट बंटवारे से पहले यह तय होना है कि कांग्रेस और लेफ्ट एक तीसरा मोर्चा बना कर अलग लड़ेंगे और तृणमूल के साथ सीटों की रणनीतिक एडजस्टमेंट होगी या कांग्रेस और तृणमूल साथ लड़ेंगे और लेफ्ट मोर्चा अलग लड़ेगा।

सो, सीट बंटवारा विपक्षी गठबंधन का सबसे बड़ा सिरदर्द है। दूसरा बड़ा मुद्दा 'इंडिया' का अध्यक्ष और संयोजक या समन्वयक बनाने का है। यह तय होना है कि शीर्ष पर सिर्फ एक पद हो या दो पद बनाए जाएं। अगर दो पद बनाए जाते हैं तो सोनिया गांधी का अध्यक्ष बनना तय होगा। तब नीतीश कुमार संयोजक बन सकते हैं। इसके अलावा समन्वय समिति के 11 सदस्यों का चयन होना है, जिसके लिए कांग्रेस के नेताओं की लॉबिंग तेज हो गई है। इसमें कांग्रेस के एक या ज्यादा से ज्यादा दो नेता को जगह मिलेगी। बाकी नेता दूसरी विपक्षी पार्टियों से लिए जाएंगे। कांग्रेस की ओर से मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी सदस्य बन सकते हैं। अगर राहुल समन्वय समिति में जाने को तैयार नहीं होते हैं तो उत्तर भारत के किसी दूसरे नेता को मौका मिल सकता है।

भारत में लैपटॉप टेबलेट और पीसी के आयात पर बैन

1 नवंबर 2023 से लाइसेंस जरूरी

» मेरा भारत महान-एक तीर से दो निशान-मेक इन इंडिया प्रथम स्थान,चीन को भारी नुकसान!

» भारत में जब लैपटॉप टेबलेट पीसी बनेंगे तो अपेक्षाकृत सस्ते होंगे और विदेशी मुद्रा के भंडार में जबरदस्त इज़ाफा होगा

वैश्विक स्तरपर भारत के रक्षा, रेल, शिक्षा, दूरसंचार प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स सहित करीब करीब सभी क्षेत्रों में बढ़ते वर्चस्व और सफ़लताओं के नए-नए आयामों के अध्याय जोड़ते हुए तेजी से आगे बढ़ रहा है जिससे अनेक विकसित देशों के विनियोगकर्ता व कंपनियों द्वारा भारतीय भूमि पर विनियोग करने का मन बनाना स्वभाविक है, तो वहीं अनेक देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ती जा रही है जिसकाउदाहरण हम ब्रिटेन के रूप में ले सकते हैं, प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए दोनों देशों के बीच बातचीत का 11 दौर पूरा हो चुका है एफटीए पर बातचीत 12वां दौर 7 अगस्त से दिल्ली में होना है।11वें दौर की वार्ता जुलाई में लंदन में हुई थी।जिससे एफटीए की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ी है क्योंकि जिस तरह से भारत अपने लक्ष्य आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है उसके लिए कुछ कठोर कुछ सॉफ्ट निर्णय भी नीति निर्धारकों को लेने में गुरेज नहीं होना चाहिए, क्योंकि भारत में विनिर्माण को बढ़ावा देना है जो आत्मनिर्भर भारत के निर्णय में मील का पत्थर साबित होगा। परंतु कई क्षेत्रों में आज भी आयात अधिक है मसलन,एक रिपोर्ट के मुताबिक 2017 के बाद कुल लेपटॉप आयात का 75 प्रतिशत सिर्फ चीन से लाया जा रहा था।वहीं बात साल 2022 की करे तो सिर्फ 9 महीनों में ही भारत ने 5 बिलियन डॉलर का आयात कर चुका था इसमें 73 प्रतिशत चीन का हिस्सा था।रिपोर्ट के मुताबिक 2023 के अप्रैल- जून तिमाही में ही भारत ने लेपटॉप, टेबलेट और पीसी पर करीब 20 बिलियन डॉलर खर्च कर चुका है। देखा जाए तो पिछले साल के मुकाबले इस तिमाही में 6.25 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इसलिए भारत सरकार के इस कदम से चीन को भारी आर्थिक नुकसान होगा वहीं देश के मेन्यूफेक्चरिंग कंपनियों को इसका जबरदस्त फायदा होगा और देश के पास विदेशी मुद्रा भंडार भी बचा रहेगा।हलांकि सरकार ने ये साफ कर दिया है कि ये पूरी तरह से बैन नहीं है।कुछ स्थिति मेंआयात करने की अनुमति होगी, बता दें गुरुवार दिनांक 3 अगस्त 2023 को विदेश व्यापार महानिदेशक कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना मैं लैपटॉप पीसी और आईटी हार्डवेयर उत्पादों में तत्काल प्रभाव से आयात प्रतिबंधित लगाया गया है जो 31 अक्टूबर 2023 तक माल क्लियर कर 1 नवंबर 2023 से इसके आयात पर लाइसेंस की आवश्यकता बताई गई है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे मेरा भारत महान एक तीर से दो निशाने मेक इन इंडिया प्रथम स्थान चीन को भारी आर्थिक नुकसान।

साथियों बात अगर हम विदेश व्यापार महानिदेशक द्वारा जारी अधिसूचना की करें तो, भारत सरकार ने मेक इन इंडिया कार्यक्रम को बढ़वा देने और सुरक्षा कारणों से भारत में टैबलेट, लैपटॉप, और कम्प्यूटर के आयात पर बैन लगा दिया है। जानकारी के मुताबिक अगर कोई कंपनी उन समानों को आयात करना चाहती है तो इसके लिए भारत सरकार से स्पेशल परमिशन लेना होगा और इससे संबंधित सारी जानकारी सरकार को देनी होगी।सरकार के इस कदम से भारत में काम कर रहे बड़ी कंपनियां जैसे एप्पल, एचपी, लेनेवो, सेमसंग, आसुस, एसर सहित अन्य कंपनियों पर गहरा असर होगा. वहीं इससे देश में इन इलेक्ट्रोनिक समाना को बनाना होगा. इससे लोगों को कई तरह के फायदे होंगे और पहले के मुकाबले ये सस्ता मिलेगा।सरकार के इस फैसले घरेलू कंपनियों को फायदा होगा, क्योंकि लैपटॉप, टैबलेट और पीसी का इंपोर्ट मार्केट फिर कुछ सालों में तेजी से बढ़ रहा था, इसमें चीन से आयात होने वाले सामान का प्रतिशत सबसे ज्यादा था। सरकार के इस कदम से लोगों को सस्ते में अब ये इलेक्ट्रोनिक सामान मिलेंगे। दरअसल विदेश से लाने पर इन उपकरणों पर इंपोर्ट ड्यूटी लगा जाती थी जिसकी वजह से ये महंगा हो जाता था, लेकिन जब ये भारत में बनेंगे तो ये पहले के अपेक्षा सस्ता होगा और इसका फायदा लोगों को होगा।

साथियों बात अगर हम इस अधिसूचना के पांच प्रभावों की करें तो (1)अमेरिका और देशों से यूजर्स अपने रिश्तेदारों से मैकबुक या आईफोन को सस्ते दामों में मंगाते थे। ये बहुत जल्द अब बंद होने वाला है। आयात प्रतिबंधों के कारण अमेरिका में आपके रिश्तेदारों को सस्ते मैकबुक खरीदने में आपकी मदद करने में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।(2) यह संभावना है कि बाजार में नए लैपटॉप की कीमतें बढ़ सकती हैं। इसलिए, यदि आप नए लैपटॉप पर एक लाख से अधिक खर्च करने की योजना बना रहे हैं, तो आपको उसी प्रोडक्ट के लिए बजट बढ़ाना पड़ सकता है।हालांकि, भारत में बिकने वाले अधिकांश लैपटॉप और पर्सनल कंप्यूटर चीन में निर्मित या असेंबल किए जाते हैं। नए नियम से सरकार की योजना ये सब भारत में शिफ्ट करने की है। अगर ऐसा होता है तो इन गैजेट्स की कीमतें कम हो सकती हैं।(3) ऑफलाइन स्टोर्स को लैपटॉप पर आकर्षक छूट देना बंद करने के लिए भी मजबूर कर सकता है। बाहर से इंपोर्ट होने वाले लैपटॉप और स्मार्टफोन पर ऑनलाइन और ऑफलाइन स्टोर ऑफर्स और सेल देते हैं। अगर यहीं प्रोडक्ट इंडिया में बनेंगे तो इनकी कीमत भले ही कम हो लेकिन स्टोर्स पर आपको डिस्काउंट और ऑफर नहीं मिलेगा (4) नए लैपटॉप लॉन्च और उपलब्धता में देरी हो सकती है क्योंकि प्रत्येक उत्पाद को पंजीकृत करना एक लंबी प्रक्रिया होगी। इस बदलाव से प्रीमियम लैपटॉप के स्पेयर पार्ट्स की आवाजाही में भी बाधा आ सकती है जिन्हें कंपनी की मदद के बिना मरम्मत करना मुश्किल है। कई कंपनियां इस प्रोसेस की वजह से अपने लैपटॉप और फोन को देरी से लॉन्च कर सकती हैं। आम यूजर्स को नए प्रोडक्ट के लिए अब थोड़ा और इंताजर करना पड़ता सकता है। (5)ब्रांडों के पास देश में बेचने के लिए कम मॉडल हो सकते हैं, जिससे खरीदारों के लिए विकल्प कम हो जाएंगे। इसका असर कम कीमत वाले लैपटॉप सेगमेंट पर पड़ सकता है, क्योंकि ब्रांड अब आयात में कठिनाई वाले महंगे लैपटॉप/टैबलेट लॉन्च करने पर विचार करेंगे। कंपनियां बजट सेगमेंट को थोड़ा कम कर सकती हैं।

साथियों बात अगर हम आईटी हार्डवेयर उपकरणों के आयात पर प्रतिबंध की करें तो, गुरुवार को सरकार की ओर से एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) की अधिसूचना में कहा गया है कि इन सभी आयातों को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। ऐसे किसी भी आयात के लिए लाइसेंस की आवश्यकता होगी अपवाद के रूप में प्रति खेप केवल एक ऐसे उत्पाद के आयात के लिए छूट दी जाएगी। सरकार के इस कदम से एपल, डेल और सैमसंग जैसी कंपनियों को झटका लगेगा और उन्हें भारत में अपना विनिर्माण बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। भारत में मौजूदा नियम कंपनियों को स्वतंत्र रूप से लैपटॉप आयात करने की अनुमति देते हैं, लेकिन नया नियम इन उत्पादों के लिए एक विशेष लाइसेंस को अनिवार्य करेगा जैसा की 2020 में देश में टीवी के शिपमेंट के निर्यात पर लगाया गया था।

साथियों बात अगर हम इस कदम से आत्मनिर्भर भारत की ओर सशक्त कदम बढ़ने की करें तो, एक विशेषज्ञ के अनुसार सरकार का यह कदम झटका नहीं बल्कि देश में विनिर्माण को बढ़ावा देने की कवायद है। उन्होंने कहा,इस कदम का मकसद भारत में विनिर्माण को बढ़ावा देना है। उनके अनुसार इस कदम से डिक्सन टेक्नोलॉजीज जैसे कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर्स को फायदा होने की उम्मीद है। कंपनी के शेयरों में सरकार के इस फैसले के बाद सात फीसदी से अधिक की तेजी दिखी।एक जानकार के अनुसार स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के अलावा इस कदम का उद्देश्य चीन से आपूर्ति को रोकना है, क्योंकि उसे ऐसे उत्पादों के जरिए हो रही डेटा चोरी से सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ी हैं। प्रतिबंध से भारत को केवल विश्वसनीय भागीदारों से ऐसे हार्डवेयर आयात करने में मदद मिलेगी। भारत की ओर से प्रतिबंधित उत्पादों में से आधे चीन से आते हैं, जिसके साथ दिल्ली के संबंधों में 2020 में सीमा संघर्ष के बाद से खटास आ गई है। उसके बाद भारत ने ड्रैगन से निवेश और व्यापार को रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं।सरकार ने प्रोत्साहन योजना के लिए आवेदन करने की समय सीमा बढ़ाईभारत सरकार ने आईटी हार्डवेयर विनिर्माण में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने के लिए कंपनियों के लिए दो अरब डॉलर के प्रोत्साहन योजना के लिए आवेदन करने की समय सीमा बढ़ा दी है जिसमें लैपटॉप, टैबलेट, पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर जैसे उत्पाद शामिल हैं। यह योजना वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला में एक पावरहाउस बनने की भारत की महत्वाकांक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है। भारत ने इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में 2026 तक 300 अरब डॉलर के वार्षिक उत्पादन का लक्ष्य रखा है। सरकार ने घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मोबाइल फोन जैसे उत्पादों पर पहले भी उच्च कर लगाने जैसे कदम उठाए हैं।साथियों बात अगर हम इस अधिसूचना के प्रभावों की करें तो,भारतीय बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि लाइसेंसिंग व्यवस्था का मतलब होगा कि हर नए लैपटॉप और टैबलेट के मॉडल के लिए अब ग्राहकों को लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। बता दें कि भारत में अगले कुछ महीनों में फेस्टिव सीजन शुरू हो जाएगा जब इन उत्पादों की बिक्री आमतौर पर बढ़ जाती है। ऐसे में आयात पर रोक का असर कीमतों को भी प्रभावित कर सकता है। कुछ प्रोडक्ट्स महंगे भी हो सकत हैं।डीजीएफटी की ओर से जारी अधिसूचना में हालांकि इस कदम का कोई कारण नहीं बताया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि पीएम की सरकार अपनी मेक इन इंडिया योजना के तहत स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देना चाहती है इसलिए आयात पर सख्ती बरती जा रही है। अगर स्थानीय स्तर पर सरकार की मंशा के अनुरूप इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का विनिर्माण शुरू हो जाता है तो देर से ही सही पर कीमतों में नरमी से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत में लैपटॉप टेबलेट और पीसी के आयात पर बैन - 1 नवंबर 2023 से लाइसेंस ज़रूरी।मेरा भारत महान - एक तीर से दो निशान - मेक इन इंडिया प्रथम स्थान, चीन को भारी नुकसान! भारत में जब लैपटॉप टेबलेट पीसी बनेंगे तो अपेक्षाकृत सस्ते होंगे और विदेशी मुद्रा के भंडार में जबरदस्त इज़ाफा होगा।

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

पूर्ण फलित हो जाती हूं...

एक तेरे स्पर्श को पाकर,
स्पंदित हो जाती हूं,
जब तेरे चरणों को छूती,
आनंदित हो जाती हूं।
मां तेरे आंचल की छाया,
हर पीड़ा को हर लेती,
आकर तेरे आंचल में मां,
मैं हर्षित हो जाती हूं।।
सब कहते मेरी छाया तू ,
मैं तेरी परछाई हूं,
पावन गंगा जल सी मां तू,
माथे तुम्हें लगाई हूं,
संकट मेरी हर लेती तू,
विपदाओं को टाला है,
एक तेरे अहसास से ही,
मैं प्रतिपादित हो जाती हूं।।
संघर्षों के सैलाबों में ,
चलना मुझे सिखाई मां,
सूरज तपता ढल जाता है,
ढलना मुझे सिखाई मां
संबोधित कर पानी जैसा,
बहना मुझे सिखाई तू
हर रंग में मैंरंग जाती हूं,
मर्यादित हो जाती हूं।।
मन उठते आडंबर को,शांत,
सरल तुम कर देती,
जब थक कर मुरझाई हूं,
हौंसला फिर से भर देती।
कुंठित सी गलियारों में भी,
राह मुझे दिखलाती हो,
हाथ तुम्हारा पाकर सिर पे,
पूर्ण फलित हो जाती हूं।।

पूजा भूषण झा, वैशाली, बिहार

पावस के सवैया

मन को तन को,नव जीवन दे,
बरसात बहार सुहावन है।
जब नीर हमें सबको सुख दे,
तब गीत जगे मनभावन है।
बरसे बदरा हम भीग गए,
पर नीर सदा अति पावन है।
सुख की बगिया मन फूल खिलें,
बरसे सँग नेह सुसावन है।
मन भीग गया,तन भीग गया,
अब गीत जगा,यशगान नया।
बरसा बहकी,बरसा चहकी,
हर एक कहे वरदान नया।
बिजली चमकी,बिजली दमकी,
बरसे अब तो अहसान नया।
हमको तुमको,इनको उनको,
भर दे,नव दे,अब प्रान नया।
हम जीत गए,हम प्रीत भए,
अब तो हर ओर लुभावन है।
कितना सुखदा,हर ली विपदा,
नव आस सजा यह सावन है।
अब रात गई,वह बात गई,नव रीति
यहां अब आवन है।
बरसे बदरा,हर ओर बही,
जल की रसधार सुहावन है ।
अब गीत लबों पर गूँज रहा,
यह है महिमा अति मौसम की।
परदेश गए बलमा जिनके,
उनको अब आग पले ग़म की।
नव माप लिए,नव ताप लिए,
बदरा हर बात सदा दम की।
बदरा कितने,अनुराग भरे,बदरा कर
बात सदा सम की।
बदरा हमको सुखधाम लगें,
बदरा हमको वरदान लगें।
बदरा हमको बलवान लगें,
बदरा हमको यशगान लगें।
बदरा हमको नव नीति लगें,
हमको नित ही वह आन लगें।
बदरा हमको जल देकर के,
हमको पावन अरमान लगें।

प्रो(डॉ) शरद नारायण खरे मंडला, मध्यप्रदेश

डॉयबिटीज मुक्त होने पर टीबी फ्री बनेगा इंडिया

2025 तक आसान नहीं भारत को टीबी मुक्त देश बनाना

विशेषज्ञों के अनुसार टीबी और मधुमेह बेशक बिल्कुल दो अलग तरह की बीमारी हैं। टीबी जीवाणु जनित संक्रामक रोग हे। मधुमेह एक गैर संचारी उपापचय क्रियाओं से जुड़ा रोग हे। लेकिन इनका आपसी रिश्ता काफी गहरा और जटिल है। टीबी के मरीज में डायबिटीज और डायबिटीज के मरीज में टीबी होने का खतरा सबसे ज्यादा होता है। ये खतरा हमेशा बना रहता है। किसी भी शहर में डॉक्टरों की ओपीडी में शुगर और टीबी के मरीजों के आने की संख्या देखेंगे तो समझ आ जाएगा। अधिकांश मरीजों में दोनों बीमारियां मिलेंगी।

स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि जिन रोगियों में एमडीआर-टीबी और डायबिटीज एक साथ होते हैं उनमें उपचार के लिए शरीर की कोशिकाओं की प्रतिक्रिया धीमी होती है। मधुमेह और टीबी का जटिल संयोजन टीबी से इलाज, रिकवरी को धीमा कर देता है। इससे टीबी के ड्रग फेलियर के केस बढ़ने लगते हैं। टीबी के इलाज में जो दवाएं दी जाती हैं वो असरकारक नहीं रह जाती। ड्रग फेलियर होने से टीबी मरीजों की मौत होने और बीमारी पलटने के हालात बढ़ जाते हैं। ड्रग फेलियर से टीबी के सोए जीवाणु पुनः सक्रिय होकर संक्रमण बढ़ाते हैं।

मेडिकल साइंस के मुताबिक अहम बात टीबी के जीवाणु कोशिकाओं को इंसुलिन प्रतिरोधी बनाता है। जो खून में शुगर लेवल बढ़ाकर प्री डायबिटीज के हालात बनाता है। इसके लंबे समय तक बने रहने से मरीज डायबिटीज मेलिटस का शिकार हो जाता है। यह सर्कल घूमता रहता है। परिणाम यह कि दोनों बीमारियों का इलाज एक साथ कठिन हो जाता है।

ग्लोबल वर्डन ऑफ डिजीज स्टडी के मुताबिक दुनिया में समान, मध्यम और निम्न आय वाले देशों में टीबी के नए केस सबसे ज्यादा हैं। जो लगातार बढ़ते जा रहे हें। इसमें भारत भी शामिल है। इन देशों में टीबी के साथ पिछले दशक में मधुमेह के मामले भी तेजी से बढ़े हैं। देखें तो इन देशों में तेजी से बढ़ता शहरीकरण, कुपोषण की बढ़ती दर टीबी और मधुमेह दोनों के जोखिम को बढ़ा रही है।

विशेषज्ञ बताते हैं कि शुगर पेशेंट्स में लो इम्युनिटी के कारण स्लीप ट्यूबरकोलाइसिस का खतरा हमेशा बना रहता है। कभी भी मधुमेह के मरीज में टीबी का जीवाणु एक्टिव होकर संक्रमण के रूप में टीबी को विकसित कर देता है। डायबिटीज के मरीज को जब टीबी के इलाज की दवाएं रिफाम्पिन और आइसोनिआजिड दी जाती है, तो ये दवाएं टीबी के जीवाणु को रेजिज्टेंट करती हैं। मरीज टीबी की दूसरी स्टेज एमडीआर में पहुंच जाता है। एमडीआर टीबी वो गंभीर स्टेज है जहां मरीज पर दवाएं फेल होने लगती हैं। रोग बढ़ता जाता है।

ग्लोबल वर्डन ऑफ डिजीज के सर्वे के अनुसार शरीर में हाई ब्लड शुगर लेवल टीबी का एक मुख्य कारण माना गया है। शुगर पेशेंट के खून में ग्लूकोज का हाईलेवल मिलता है। जो टीबी के जीवाणुओं को पोषित करते हुए संक्रमण दर को बढ़ाता है। इसके चलते रोगी का प्रतिरक्षी तंत्र विफल हो जाता है और संक्रमण घातक हो जाता है।

इसी तरह टीबी के मरीजों की कोशिकाएं इंसुलिन प्रतिरोधी हो जाती है। अग्नाशय से सीक्रेस होने वाले इंसुलिन हार्मोन को कोशिकाएं अवशोषित नहीं कर पाती। शरीर में ग्लूकोज टूट नहीं पाता और मरीज के खून में शुगर लेवल बढ़ता जाता है। ये स्टेज बॉडी में प्री डायबिटीज के हालात बनाती है। जो आगे चलकर टाइप -2 डायबिटीज में बदल जाते हें।

अब बात यह है कि 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाने की बड़ी चुनौती मधुमेह के साथ टीबी को जड़ से उखाड़ना है। इसके लिए लोगों को अपने रहन सहन का तरीका बदलना होगा। सरकार को टीबी के साथ मधुमेह से बचाव के बराबर उपाय करने होंगे। टीबी और मधुमेह के लिए अलग-अलग योजना बनाने की जगह एकीकृत योजना बनाकर इन पर काबू पाना होगा। तभी इंडिया को टीबी फ्री इंडिया बना सकेंगे।

सीमा अग्रवाल मेरठ, उत्तर प्रदेश,

विजय के भावः भावों से परिपूर्ण

कहते हैं कि हृदय से हर व्यक्ति कवि होता है, किंतु वास्तव में कवि वही होता है, जो अपने मन के भावों तथा विचारों को काव्यात्मक शब्दों में पिरो कर दूसरों को रसानुभूति से भर दे। वाक्यम् रसात्मकम् काव्यम् अर्थात् रसयुक्त वाक्य ही काव्य है। यदि शब्दों में रस नहीं और उन्हें हृदयंगम करते समय रस की अनुभूति न हो तो वह कैसी कविता !प्रतिभावान, संवेदनशील युवा कवि श्री विजय कनौजिया की प्रथम पुस्तक विजय के भाव की हर कविता अपनी सशक्त शैली में भावनाओं तथा संवेदनाओं से इस तरह ओतप्रोत है कि उन्हें पढ़कर कोई भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकेगा।

मन के झरने से स्वतः स्फूर्त ये कविताएँ एकरस न होकर विभिन्न भावों तथा अनुभावों से भरी हुई हैं। प्रेम , सपने, विरह और सौंदर्य से लेकर समाज, प्रकृति, परिवेश आदि को अपने आप में समेटा हुआ है इन कविताओं ने। इनकी शैली आत्मकथात्मक है और प्रेम का फलक पूरे संसार तक विस्तृत और सीमातीत। सहज प्रीत के रंग में रंगे इतने विविध तथा सूक्ष्म भावों को देखकर आश्चर्य होता है कि एक ही विषय पर इतने अलग-अलग प्रकार से कैसे लिखा जा सकता है!

संग्रह की पहली कविता सावन मैं तेरे नाम लिखूँ में ही प्रेम की जिस मासूमियत के दर्शन होते हैं, वह विरल है, गीत लिखूँ या प्रीति लिखूँ, तुमको भाए तो मीत लिखूँ। बस जाओ यदि मेरे मन में, फिर तुमको मैं मनमीत लिखूँ।।

और कविता की अन्तिम पंक्तियां देखें, बारिश की रिमझिम बूँदों का, सौंदर्य अलंकृत कर दूंगा। तुम खुशियों के आँसू दे दो, सावन मैं तेरे नाम लिखूँ।।

यह सच है कि प्रेम लेने का नहीं देने का नाम हैं और बिना समर्पण के वह अधूरा होता है।इस अहसास को कवि ने कुछ इस तरह अभिव्यक्त किया है, त्याग समर्पण सब कुछ मैंने, तुमको अर्पण कर डाला है।वीराने इस प्रेम भवन में, तुम बिन मैं कैसे रह लूँगा।

विजय की कविताएं सपनों के बिना अधूरी हैं। जीवन में सपने न हों तो कुछ न हो। विजय ने सपनों की अभिव्यक्तियाँ बहुत खूबसूरत तरीके से व्यक्त की हैं। उदाहरण देखिये, चलो चलें सपने बुनते हैं, महफिल में अपने चुनते हैं। रिश्तो में जो कड़वाहट है, उसका समाधान करते हैं। चलो चलें सपने बुनते हैं।।

प्रेम में विश्वास ही नहीं, बल्कि आशावादिता भी जरूरी है, इस भाव को व्यक्त करते हुए कवि ने लिखा है, आज चाहतों के पत्रों पर, जज़्बातों की बात लिखूंगा, दिल में जो अरमान बसे हैं, मैं तो उनकी चाह लिखूंगा।।

ऐसा नहीं है कि काव्य संग्रह में सिर्फ प्रेम की बातें अभिव्यक्त हुई हों, आज के समय की अनेक उलझनें भी कवि ने उजागर की हैं। आज के दौर में रिश्तों ने कैसा रूप ले लिया है, यह विजय ने बड़ी तल्खी से प्रकट किया है, ÷दूरियों से सिमटते जा रहे, रिश्ते सभी अपने। मुलाकातों से बचते हैं, ललक रिश्तों की फीकी है।

कोई भी संवेदनशील मनुष्य अपना बचपन नहीं भूलता।फिर कवि हृदय की तो बात ही निराली है। विजय ने फिर से वो बचपन लौटा दो कविता में कितनी सहजता से बचपन की यादों को उकेरा है, ÷ छुपन छुपाई फिर खेलेंगे, पेड़ों से अमिया तोड़ेंगे। उछल कूद वाली डाली की, फिर से वो खुशियां लौटा दो। फिर से वो बचपन लौटा दो।।

विजय जी की कविताओं में हमें न सिर्फ अनेक प्रकार की भावनाओं तथा संवेदनाओं के दर्शन होते हैं, बल्कि कहीं-कहीं मन की उलझनें भी स्पष्ट दिखाई देती हैं।% कोई और उपाय नहीं की ये पंक्तियां दृष्टव्य हैं, सपनों के सब बाग- बगीचे, मुरझाए से दिखते हैं। हरा - भरा जो कर दे इनको, ऐसा अब बागवान नहीं।। आगे देखिये, ÷अरमानों के बिस्तर पर, अब नींद बड़ी मुश्किल से है। जिस तकिए पर सिर रखता था, अब वो मेरे साथ नहीं।।

इस संग्रह का भाव पक्ष ही नहीं, वरन् कला पक्ष भी बहुत सशक्त और स्तरीय है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बहुत सहजता व सरलता से कवि ने अपनी बात दूसरों तक पहुंचाई है। इनमें कोई क्लिष्टता या जटिलता नहीं है, इसीलिए ये बोझिल या उबाऊ होने से बच गई हैं।इनका छंदबद्ध होना इन्हें आकर्षक लय, ताल से सजा देता है।

निःसंदेह विजय जी का काव्यात्मक भविष्य बहुत उज्जवल है।मैंने उनके कुछ आलेख भी पढ़े हैं।आशा है, शीघ्र ही हम उनके नवीन संग्रह से रूबरू होंगे।

अंत में मैं यही कामना करना चाहूंगी, जो स्वयं कवि ने इन पंक्तियों में प्रकट की है-

मैं भी काव्य पथिक बन जाऊं,
थोड़ी- सी कविता लिख पाऊं।
भावों की लड़ियाँ मैं गूथूँ
माँ मुझको ऐसा वर दे दो।।

डॉक्टर आशा रावत
मोहिनी रोड,डालनवाला,देहरादून

भक्त बन रहे हैं रेडिकल!

मेरा मानना है कि अगले चुनाव का फैसला हिंदीभाषी नौजवानों से होगा। तभी हिंदू नौजवान की मनोदशा का मसला अहम है। नीतीश कुमार भले जातीय जनगणना से पिछड़ी जातियों के नौजवानों को लुभाएं या राहुल गांधी नौजवान ऊर्जा से अपना दम दिखलाएं मगर युवा मनोदशा जस की तस है। हां, नरेंद्र मोदी के 36-38 प्रतिशत भक्त वोट पक्के हैं। पिछले नौ वर्षों में ये और रेडिकल हुए हैं। योगी आदित्यनाथ के बुलडोजर से या बागेश्वर के आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के भक्त जगाओ प्रवचनों से या और सोशल मीडिया से।

सोचें, इसी सप्ताह ज्ञानवापी मस्जिद पर योगी आदित्यनाथ ने क्या कहा? ऐसे ही बागेश्वर के आचार्य धीरेंद्र शास्त्री की हिंदुओं को कथित तौर पर जगाने की एक वीडियो क्लिप दिखी। उस नाते कोई जरूरत नहीं है नरेंद्र मोदी और अमित शाह को मेहनत करने की। मैंने पहले कभी किसी मुख्यमंत्री, पदासीन मंत्री-नेता के मुंह से वह नहीं सुना जैसे गुजरे सप्ताह योगी आदित्यनाथ के मुंह से सुना। मुख्यमंत्री- मैं, भय या पक्षपात, अनुराग या द्वेष के बिना, सभी प्रकार के लोगों के प्रति संविधान और विधि के अनुसार न्याय करूंगा- की शपथ लिए हुए होता है। उस अनुसार ज्ञानवापी पर योगी को बोलना ही नहीं था। अदालत को काम करने देना था। सुप्रीम कोर्ट द्वारा व सरकार द्वारा अयोध्या छोड़ बाकी सभी स्थानों पर 1947 के वक्त की यथास्थिति में धर्मस्थानों के अधिकार के कानून की पालना होनी थी। लेकिन योगी ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले से ठीक पहले कहा- वहां की (ज्ञानवापी) दीवारें चिल्ला चिल्ला कर कहती हैंज़। जाहिर है यह कल्याण सिंह से योगी आदित्यनाथ के सफर का रेडिकल मुकाम है तो ऐसे ही आचार्य धीरेंद्र शास्त्री भी हिंदुओं को आह्वान करते हुए हैं। क्या लगता नहीं कि नौ वर्षों में बहुत कुछ बदल गया है? पुराने सब आउट हैं। उमा भारती, गिरिराज किशोर, साध्वी प्रज्ञा, प्रवीण तोगड़िया से लेकर राम-रहीम, आसाराम आदि से जो हिंदू जन जागरण हुआ था वह अब नए रेडिकल लेवल पर लाल-पीला है।

हरिशंकर व्यास

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

कुरियर डिलीवरी के नाम पर कस्टम क्लीयरेंस का झांसा देकर साढ़े 27 लाख की ठगी,तीन आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अगस्त 2023
(घटती घटना)

कुरियर डिलीवरी के नाम पर कस्टम क्लीयरेंस का झांसा देकर ठगों ने एक व्यक्ति से 20 जून से 16 जुलाई के बीच 27 लाख 41 हजार 8 सौ रुपए ऑनलाइन ठगी की थी। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने तीन खातेधारकों को यूपी से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने केवल खातेधारकों को गिरफ्तार कर इनके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। वहीं पुलिस ने इन खातेधारकों के खाते में 3 लाख 87 हजार रुपए होल्ड कराया है।

जानकारी के अनुसार प्रार्थी के मोबाइल पर 20 जून को अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था और उसे कनाडा से कुरियर आने की बात बताते हुए झांसे में लेकर कस्टम क्लीयरेंस के नाम पर 20 जून से 13 जुलाई तक अलग-अलग खातों में विभिनन ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 27 लाख 41 हजार 8 सौ रुपए ऑनलाइन ठगी कर ली गई। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में 14 जुलाई को दर्ज कराया था। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420 व 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया।

एसपी सुनील शर्मा ने इस मामले को गंभीरता से लते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संयुक्त टीम का गठन किया था। साइबर सेल से तकनिकी जानकारी प्राप्त कर संयुक्त पुलिस टीम आरोपियों की पतासाजी हेतु दिल्ली एवं यूपी रवाना किया गया था। संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ठगी के लिए उपयोग किए गए बैंक खाते के अनुसार खाताधारक प्रमोद रस्तोगी पिता सत्य प्रकाश रस्तोगी उम्र 40 वर्ष निवासी मलूकपुर जिला बरेली उत्तरप्रदेश, संतोष गंगवार पिता सोहन लाल उम्र 30 वर्ष निवासी कुंवरपुर बनजरिया जिला बरेली उत्तरप्रदेश व साकिर अली पिता जाकिर हुसैन उम्र 23 वर्ष निवासी कमालपुर थाना सदर कैंट जिला बरेली उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। पूछताछ के दौरान ठगी के मामले में गिरफ्तार खातेधारकों ने पुलिस को बताया कि कमिशन के लालच में विभिन्न बैंक के खाते एवं सिम कार्ड अन्य आरोपियों को उपलब्ध कराना स्वीकार किया है। खातेधारकों को इसके एवज में कमिशन के रूप में मोटी रकम दी जाती है। वहीं पुलिस ठगी की घटना को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी अम्बिकापुर निरीक्षक राजेश सिंह, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक रजनीश सिंह, सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार यादव, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक अनुज जायसवाल, मनीष सिंह, अशोक यादव, सत्येंद्र दुबे, संजीव चौबे, रुपेश महंत अमित ज्ञान खलखो, लालदेव साय, सुयश पैकरा, रमेश राजवाडे, अंशुल शर्मा, शिव राजवाडे शामिल रहे।

पुलिस ने खाते को होल्ड कराकर रोके 3 लाख 87 हजार

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 2 नग मोबाइल, 6 नग सिम व 2 नग आधार कार्ड बरामद किया गया है। वहीं साइबर पोर्टल के माध्यम से प्रार्थी की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 3 लाख 87 हजार रुपए की राशि आरोपियों के खाते में होल्ड कराया गया है। प्रार्थी को उक्त राशि वापस कराने हेतु पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं पुलिस ने बताया कि मामले में अन्य आरोपियों का पता तलाश जारी है।

जन चौपाल में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर,310 लोगों का हुआ उपचार

-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अगस्त 2023
(घटती घटना)

उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की अध्यक्षता में जन चौपाल का कार्यक्रम भट्टी रोड, टिंबर भवन चोपड़ापारा में किया गया। सभी जगह स्वास्थ विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ शिविर और निःशुल्क आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन किया गया है। तीनों जगह कुल 310 मरीजों का उपचार किया गया, 110 लोगों का बीपी, 102 लोगों का शुगर जांच और 154 आयुष्मान कार्ड बनाया गया। समस्त शासकीय स्वास्थ योजनाएं की जानकारी प्रदान किया गया।

शिविर में उप मुख्यमंत्री द्वारा हितग्राहियों को निःशुल्क आयुष्मान कार्ड भी दिया गया। उपमुख्यमंत्री द्वारा आयुष्मान भारत के उपचारित एवं लाभार्थियों से मुलाकात किया। उन्होंने पूछा की कोई भी अस्पताल इलाज के दौरान पैसा तो नहीं मांगता है।

उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों को आयुष्मान भारत कार्ड और मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए विशेष कैंप का आयोजन करने निर्देशित किया है। शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ आरएन गुप्ता, डॉ पारुल चौहान, डॉ. चंदन, डॉ अमीन फिरदौसी, धनेश प्रताप सिंह, अनिल पांडेय, अजय सिंह, सागर राय, शशि गुप्ता एवं समस्त स्वास्थ कर्मचारी उपस्थित थे।

डेढ़ किलो गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अगस्त 2023 (घटती घटना)

सीतापुर पुलिस ने डेढ़ किलो गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सरगा तिराहा के पास गांजा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार सीतापुर पुलिस 6 अगस्त को पेट्रोलिंग पर निगली थी। इस दौरान मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली की ग्राम बनेया बाबापारा निवासी भुवाली यादव सरगा तिराहा के पास गांजा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी भुवाली यादव को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से डेढ़ किलो गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत 18 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सीतापुर निरीक्षक अश्वनी सिंह, सउनि शिवचरण

साहू, प्रधान आरक्षक नंदकुमार प्रजापति, आरक्षक आलोक गुप्ता, संजय एक्का, पंकज देवांगन शामिल रहे।

बासी भोजन करने के बाद ग्रामीण की विगड़ी तबियत,अस्पताल पहुंचने से पहले हो गई मौत

-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अगस्त 2023
(घटती घटना)

अंबिकापुर. खेत में हल जोतकर घर वापस आने के बाद ग्रामीण बासी खाना खाया। खाना खाने के कुछ देर बाद ग्रामीण की तबियत विगड़ गई। उसे इलाज के लिए परिजन पस्ता अस्पताल ले गए। यहां स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर रेफर कर दिया। परिजन उसे मिशन अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार महादेव कोड़ाकू पिता रतना उम्र 55 वर्ष पस्ता थाना क्षेत्र के ग्राम खटवा बरदर का रहने वाला था। वह रविवार की सुबह खेत में हल जोत रहा था। हल जोतने के बाद घर वापस आया और बासी भोजन किया। बासी भोजन खाने के कुछ देर बाद उसकी तबियत विगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए पस्ता अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर रेफर कर दिया। परिजन उसे मिशन अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

किडनी बीमारी से पीड़ित व्यक्ति ने अस्पताल में फांसी लगाकर दी जान

-संवाददाता-
अंबिकापुर, 07 अगस्त 2023
(घटती घटना)

मिशन अस्पताल में भर्ती एक मरीज ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह काफी दिनों से किडनी बीमारी से पीड़त था। परिजन 31 जुलाइ को उसे इलाज के लिए मिशन अस्पताल में भर्ती कराया था। जानकारी के अनुसार खुलेश्वर पिता काया उम्र 55 वर्ष अंबिकापुर स्थित खालपारा का रहने वाला था। वह किडनी बीमारी से ग्रसित था। तबियत ज्यादा विगडने पर परिजन उसे इलाज के लिए 31 जुलाई को मिशन अस्पताल में भर्ती कराया था। बीमारी से वह काफी परेशान था। अक्सर पत्नी को बोलता था कि मैंच नहीं बच पाउंगा। इलाज से कोई फायदा नहीं होगा। रविवार की शाम को नाती के भरोसे छोडकर पत्नी कपड़ा लाने घर गई थी। इधर खुलेश्वर नाती को बोला की मैंच शौच से आ रहा हूं। काफी देर होने के बाद भी जब वह वापस नहीं लौटा तो जाकर देखा तो वह बाथरूम के पास सीढ़ी के पास फांसी पर लटका है। अन्य लोगों की मदद से उसे तत्काइल इलाज के लिए आईसीयू में भर्ती कराया गया पर उसकी जान नहीं बची।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अगस्त 2023
(घटती घटना)

पत्नी से विवाद के बाद एक युवक ने फांसी लगा लिया था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विश्वप्रताप सिंह पिता बाबू शैलेन्द्र सिंह उम्र 30 वर्ष दरिमा का रहने वाला था। वह पत्नी व बच्चों के साथ माता-पिता से अलग रहता था। रविवार की शाम को पत्नी से विवाद होने के बाद कमरा बंद कर फांसी लगा लिया था। उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जनपद अध्यक्ष सीतापुर ने खोला मोर्चा कहा-इस बार स्थानीय व बाहरी को लेकर होगा चुनाव

-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अगस्त 2023
(घटती घटना)

जनपद अध्यक्ष सीतापुर व ब्लॉक महिला कांग्रेस की अध्यक्ष शांति देवी ने मोर्चा खोल दिया है। अंबिकापुर के सरगुजा प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि सीतापुर विधानसभा क्षेत्र का दो दशक से अनवरत दारोमदार संभाल रहे वर्तमान खाद्य मंत्री अमरजीत भगत पर क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित भाव से काम करने वालों की अनदेखी सहित तमाम आरोप लगाते हुए कहा कि बाहरी प्रत्याशी होते हुए भी उन्हें लगातार 20 वर्ष काम करने का मौका मिला, मंत्री बनने के बाद उनके आसपास से क्षेत्रीय कार्यकर्ता गायब हो गए, बाहरी लोगों के साथ उनकी उठक-बैठक शुरू हो गई। सीतापुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लडने की मंशा जाहिर करते हुए कहा यह चुनाव अब सिर्फ दो पार्टियों के जीत-हार तक सीमित नहीं है, बल्कि स्थानीय व बाहरी प्रत्याशी को लेकर चुनाव होगा। उन्होंने कहा जिसे क्षेत्र के मूल निवासियों से कोई लेना-देना नहीं है, जिनके लिए बाहरी लोग ही सबकुछ हैं, आखिर कब तक हम ऐसे व्यक्ति को सुनते रहेंगे। स्थानीय स्तर के सामान्य एवं आदिवासी वर्ग के नेताओं को उन्होंने स्थानीय राजनीति से अलग कर दिया है। विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर वे क्षेत्र के मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बातों को रखेंगी। उन्होंने कहा इनके कार्यक्रम से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। विश्व आदिवासी दिवस पर उनका पृथक से आयोजन दिन में नौ से एक बजे तक होगा। शांति देवी ने कहा मंत्री अमरजीत भगत को अपने विधानसभा क्षेत्र के बाहर के लोगों पर 'यादा विश्वास है। आयोग में उन्होंने जितनी भी नियुक्ति कराई है, एक भी आदिवासी को कहीं सदस्य नहीं बनाया गया, अधिकतर लोग सीतापुर क्षेत्र से बाहरी हैं। ये उनके साथ दौरे में अंबिकापुर से ही भीड़ बढ़ाने आते हैं। पुराने नेताओं को दरकिनार कर उनके राजनीतिक भविष्य को खत्म कर दिया गया है। विधायक मद का लगातार दुरुपयोग किया है। अपने चार वर्ष के कार्यकाल में एक रुपये भी विकास के नाम पर नहीं दिया है। स्वे'छानुदान राशि मंत्रियों के विवेकाधिकार का मामला है। इसका लाभ अधिकतर आईटीआर भरने वाले लोगों को मिला है। क्षेत्र के आदिवासी, पिछड़े लोगों के नाम पर बहुत कम राशि जारी हुई है। आरोप है कि जिसके नाम पर राशि आती है, उनसे आधा से 'यादा राशि वापस ले ली जाती है।

जनपद अध्यक्ष ने दावा किया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ के खाद्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अमरजीत भगत के विरोध में सीतापुर, बतौली, मैनपाट व अंबिकापुर ब्लॉक के लगभग सभी पंचायत हैं। खासकर आदिवासी वर्ग में इनका विरोध चरम पर है। स्थानीय स्तर के महिला संगठन, महिला समूह सामाजिक संगठन सभी की मांग सीतापुर विस क्षेत्र में अपना प्रत्याशी बदलने और ऐसे व्यक्ति को टिकट देने की हे, जो स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दे। उन्होंने कहा हमारी लड़ाई स्थानीय विधायक से व्यक्तिगत नहीं, आदिवासियों व स्थानीय लोगों के स मान, क्षेत्र के विकास, स्थानीय मुद्दों, उनकी और हमारी सोच की भिन्नता को लेकर है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी ने कहा है कि चुनावों में सीटों के आवंटन में 40 प्रतिशत सीट महिलाओं के लिए आरक्षित किए जाएंगे, जब पार्टी ऐसा मानती है तो हम बाहरी प्रत्याशी को कब तक ढोते रहेंगे। अमरजीत भगत सूरजपुर जिले से हैं, यही कारण है कि वे स्थानीय लोगों को प्राथमिकता नहीं देते। इनके कार्यकाल में सीतापुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार जल, जंगल, जमीन खतरे में है, चाहे वह मैनपाट का मामला हो अथवा बतौली में चल रहे संघर्ष का।

चौकी चेन्द्रा पुलिस की कार्यवाही

12000 रूपये कीमत के गांजा सहित 1 गिरफ्तार

-संवाददाता-
सूरजपुर,07 अगस्त 2023
(घटती घटना)

पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को नशे के धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने एवं सक्रिय मुखबीर का जाल बिछाने के निर्देश दिए थे जिसके बाद से ही जिले की पुलिस नशीली पदार्थ के गोरख धंधे पर सतत् निगाह बनाए हुए है। रविवार को चौकी चेन्द्रा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम पकनी में एक व्यक्ति गांजा रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है।

सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम पकनी में घेराबंदी कर प्रभू नारायण उर्फ सूरज कुशवाहा पिता महाबीर प्रसाद कुशवाहा उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम पकनी, चौकी चेन्द्रा को पकड़ा गया जिसके कब्जे से 1 किलो 100 ग्राम गांजा कीमत करीब 12000 रूपये का जप्त किया गया। मामले में धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी चेन्द्रा संतोष सिंह, प्रधान आरक्षक रविनंद सिंह, पवन सिंह, संजय चौहान, आरक्षक कमलेश मानिकपुरी, रजनीश पटेल व जगत पैंकरा सक्रिय रहे।

नशीली दवा के सप्लायर को थाना झिलमिली पुलिस ने किया गिरफ्तार

-संवाददाता-
सूरजपुर,07 अगस्त 2023
(घटती घटना)

थाना झिलमिली पुलिस ने बीते 18 जुलाई को ग्राम करकोटी में घेराबंदी कर सोहेल खान व शाहरूख रजा निवासी मस्जिदपारा सूरजपुर को पकड़ा था जिनके कब्जे से 1 लाख 50 हजार रूपये कीमत के नशीली टेबलेट व इंजेक्शन जप्त कर धारा 21(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर दोनों को गिरफ्तार किया था। वहीं मामले में नशीली दवा का सप्लायर आरोपी अजय कुमार शाह फरार था।

पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला ने फरार आरोपी की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश थाना प्रभारी झिलमिली को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना झिलमिली की पुलिस आरोपी की लगातार पतासाजी में लगी थी इसी बीच मुखबीर की सूचना पर बैढ़न मध्यप्रदेश में दबिश देकर आरोपी अजय कुमार शाह पिता राम लल्लू शाह उम्र 35 वर्ष ग्राम हिरवाह, थाना बैढ़न जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश को पकड़ा गया और विधिवत गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी झिलमिली राजेंद्र साहू, एएसआई ललित तिर्की, प्रधान आरक्षक हेमंत सोनवानी, आरक्षक हेमंत सिंह व राकेश सिंह सक्रिय रहे।

नहर में डूबने से 2 वर्षीय बालिका की मौत

-संवाददाता-
लखनपुर,07 अगस्त 2023
(घटती घटना)

कुन्नी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम तिरकेला में रविवार की शाम नहर में डूबने से 2 वर्षीय बालिका की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तिरकेला निवासी सुरेश तिर्की की 2 वर्षीय बेटी आराधना तिर्की अपने 7 वर्षीय भाई आकाश और 4 वर्षीय बहन के साथ रविवार को घर में थी।घर के सभी सदस्य खेत में रोपा लगाने गए हुए थे। आराधना के भाई-बहन खेलते खेलते सो गए। इसके बाद वह घर से 50 मीटर की दूरी पर खेलते खेलते नहर के मेढ़ में चढ़ी, इसी दौरान नहर में गिर गई व पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। इधर जब परिजन घर पहुंचे तो दोनों बच्चे रो रहे थे और आराधना के कहीं चले जाने की बात कही। इसके बाद पिता द्वारा बच्ची की खोजबीन शुरू की तो नहर में उसकी लाश मिली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

नाव डूबने के बाद तट पर बरामद हुए आठ प्रवासियों के शव

ट्यूनिश । भूमध्य सागर को पार करने के दौरान डूबी नाव में सवार यात्रियों के शव तट पर बरामद हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार ट्यूनीशिया के बंदरगाह शहर स्फैक्स के तट पर पिछले दो दिनों में आठ प्रवासियों के शव बरामद किए गए हैं। बताया जा रहा है कि उनकी नौकाएं यूरोप जाने के रास्ते में भूमध्य सागर को पार करने के दौरान डूब गई थीं। स्फैक्स अदालत के प्रवक्ता फौजी मसमौदी ने रविवार को कहा कि नागरिक सुरक्षा बचाव दल और तट रक्षकों को पिछले दो दिनों से स्फैक्स के समुद्र तटों पर प्रवासियों के शव मिल रहे हैं, जो समुद्र की लहरों में बह कर तटों पर आ रहे हैं। ट्यूनीशिया के अधिकारियों का अनुमान है कि लगभग 17,000 लोग स्फैक्स क्षेत्र में मौजूद हैं जो यहां से 190 किलोमीटर दूर इटली और यूरोप के अन्य हिस्सों में जाने को प्रयासरत हैं। यह नाव भी उन्हीं में से किसी की थी।

भारतीय मूल के पूर्व मंत्री ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए किया आवेदन

सिंगापुर । सिंगापुर में भारतीय मूल के पूर्व मंत्री ने राष्ट्रपति चुनाव में पात्रता हासिल करने के लिए आवेदन किया है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ मंत्री थर्मन षणमुगरत्नम ने अगले महीने होने वाले राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की पात्रता हासिल करने के लिए सोमवार को अपना आवेदन जमा किया। 66 वर्षीय षणमुगरत्नम ने पिछले महीने औपचारिक रूप से अपना राष्ट्रपति चुनाव अभियान शुरू किया था। उन्होंने देश की संस्कृति को दुनिया में चमकदार बनाने का वादा करते हुए अपना अभियान शुरू किया। बता दें कि यहां राष्ट्रपति चुनाव सितंबर में होना है। वर्तमान राष्ट्रपति हलीमा याकूब का छह साल का कार्यकाल 13 सितंबर को खत्म हो रहा है। हलीमा देश की आठवीं राष्ट्रपति और पहली महिला राष्ट्रपति हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, षणमुगरत्नम ने पात्रता प्रमाण पत्र के लिए अपना आवेदन जमा कर दिया है। उनके अलावा तीन अन्य संभावित उम्मीदवारों ने भी अपने आवदेन जमा करने की घोषणा की है। ये तीनों संभावित उम्मीदवार चीनी मूल के हैं। जीआईसी कंपनी के पूर्व निवेश प्रमुख एनजी कोक सॉन्ग (75) ने मीडिया को बताया कि उन्होंने पात्रता के लिए दो अगस्त को अपना आवेदन जमा किया। वहीं उद्यमी जॉर्ज गोह (63) ने चार अगस्त को पात्रता आवेदन जमा किया। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति पद के पूर्व उम्मीदवार टैन किन लियान (75) ने कहा कि उन्होंने आगामी राष्ट्रपति चुनाव के लिए पात्रता संबंधी प्रमाण पत्र की खातिर अपना आवेदन जमा किया है, लेकिन उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह चुनाव लड़ेंगे या नहीं। गौरतलब है ?कि सिंगापुर में राष्ट्रपति पद के चुनाव में उतरने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए सख्त मानदंड हैं।

एमसीयू व बांग्लादेशी विवि के बीच हुआ अनुबंध, वैश्विक शिक्षा केंद्र बनाने की पहल

ढाका । मप्र के भोपाल स्थित माखन लाल चतुर्वेदी यूनिवर्सिटी व बांग्लादेशी विवि के बीच अनुबंध हुआ है। इससे अब एमसीयू वैश्विक शिक्षा केन्द्र बनने जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार एशिया का पहला और भारतवर्ष का सबसे बड़ा मीडिया विश्वविद्यालय माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल ने आज बांग्लादेश के सबसे बड़े निजी विश्वविद्यालय डफोडिल्स अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के साथ अनुबंध किया है। माखनलाल के कुलपति डॉ के जी सुरेश ने यह अनुबंध डैफोडिल के कुलपति प्रो (डॉ) लूतफर रहमान के साथ हस्ताक्षर किया जिसके अंतर्गत दोनों विवि संकाय, शोधार्थी और विद्यार्थियों का आदान-प्रदान करेंगे। ढाका में आयोजित हस्ताक्षर समारोह को संबोधित करते हुए प्रो सुरेश ने इसे ऐतिहासिक बताया ?कि भारत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना को साकार रूप देने जा रहा है। इस अनुक्रम में यह अनुबंध भी एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि भारत को एक अंतरराष्ट्रीय शिक्षा का केंद्र बनाने की दिशा में पहल हो रही है। इससे पूर्व प्रो सुरेश ने बांग्लादेश भारत मैत्री संघ के सदस्यों को भी संबोधित किया। इस दौरान प्रो रहमान ने उम्मीद जताई कि इस अनुबंध से शोध प्रवृत्ति को मजबूती मिलेगी। तत्पश्चात प्रो सुरेश ने इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित शिक्षा मंच को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मुख्य बिंदुओं की ओर प्रतिभागियों का ध्यान आकर्षित किया। इस सम्मेलन में भारत और बांग्लादेश के कई कुलपति भाग ले रहे हैं।

ईरान में इमारतें गिरने से तीन की मौत, 11 घायल

तेहरान । ईरान की राजधानी तेहरान में कई अर्ध-निर्मित इमारतें गिरने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। यह घटना रविवार सुबह हुई, जब तेहरान नगर पालिका के कर्मचारी एक असुरक्षित इमारत को ध्वस्त करने की तैयारी कर रहे थे। तेहरान पुलिस सूचना केंद्र के मुता?बिक असुरक्षित इमारत के गिरने से आसपास की पांच इमारतें भी ढह गईं। इससे चार पुलिसकर्मी और नगर पालिका के दो कर्मचारी मलबे में दब गए। बयान में कहा गया है कि अब तक चार लोगों को बचाया जा चुका है। क्रेन और मलबा हटाने वाले उपकरणों की सहायता से बचाव दल को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। एक इमारत पूरी तरह से ढह गई और अन्य आंशिक रूप से ढह गईं। इमारतें निर्माणाधीन थीं और उनके अंदर कोई नहीं रहता था। मलबे से निकाले जाने के बाद तीन लोगों की मौत हो गई, यह स्पष्ट नहीं है कि मलबे के नीचे कितने लोग दबे हुए हैं। तेहरान पुलिस सूचना केंद्र के मुताबिक मरने वालों में दो पुलिसकर्मी हैं। एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार तेहरान के चिकित्सा आपातकालीन संगठन के प्रमुख मोहम्मद एस्माईल तवाकोली ने कहा कि घटना में 11 अन्य घायल हो गए, इनमें से आठ को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ऑरलैंडो में गोलीबारी के संदिग्ध की पुलिस के साथ मुठभेड़ में मौत

ऑरलैंडो । फ्लोरिडा के एक होटल में पुलिस और छिपे हुए एक संदिग्ध के बीच गोलीबारी उस व्यक्ति की मौत के साथ समाप्त हुई, जिसके कुछ ही घंटों बाद उसने कथित तौर पर पहले की मुठभेड़ में दो अधिकारियों को गोली मार दी थी, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई थी। एक रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ऑरलैंडो पुलिस अधिकारी ने कहा कि संदिग्ध का बहुत पुराना हिंसक और आपराधिक इतिहास था। पुलिस ने ट्विटर पर कहा कि संदिग्ध की पहचान 28 वर्षीय डेटन एस. विएल के रूप में की गई है। हिंसा शुक्रवार रात करीब 11 बजे (स्थानीय समय) शुरू हुई, जब दो अधिकारी मियामी हत्याकांड के सिलसिले में वांटेड आरोपी को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान के दौरान वाहन की जांच कर रहे थे। इस दौरान जब वो गाड़ियों को रोक के तलाशी ले रहे थे तभी संदिग्ध ने उन्हें गोली मार दी और एक कार चुरा ली और पुलिस के पीछा करने पर भाग गए। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, आरोपियों को पकड़ने के लिए व्यापक तौर पर एक तलाशी अभियान चलाया गया था। पुलिस अधिकारी ने कहा कि व्यापक खोज के बाद, अधिकारी कारवां कोर्ट के 5900 ब्लॉक में हॉलिडे इन में संदिग्ध को ढूंढने में सफल हुए।

एरिस क्या है? ब्रिटेन में तेजी से फैल रहा कोरोना का नया वैरिएंट

दुनिया कोविड-19 महामारी से उबर चुकी है। वहीं अब एरिस या ईजी.5.1 नामक एक नया वैरिएंट सामने आया है, जिससे दुनिया भर में चिंता पैदा हो गई है। ओमिक्रॉन वैरिएंट के इस स्ट्रेन को पहली बार 31 जुलाई, 2023 को पहचाना गया था और तब से यह यूनाइटेड किंगडम में दूसरा सबसे प्रचलित वैरिएंट बन गया है, जो दस में से एक कोविड मामले के लिए जिम्मेदार है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस ने कहा था कि लोग टीकों और पूर्व संक्रमण से बेहतर सुरक्षित हैं, लेकिन देशों को अपनी सतर्कता में कमी नहीं आने देनी चाहिए।

एरिस के लक्षण : एरिस ओमिक्रॉन वैरिएंट से आया है और इसके कुछ लक्षण भी साझा किए गए हैं। ह्विश्व हेल्थ स्टडी के अनुसार, इस वैरिएंट से जुड़े पांच सबसे आम लक्षण हैं नाक बहना, सिरदर्द, थकान (हल्के से गंभीर तक), छींक आना और गले में खराश हैं। हालाँकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि ये लक्षण केवल एरिस के लिए नहीं हैं और वायरस के अन्य प्रकारों में भी देखे जा सकते हैं। एरिस के तेजी से प्रसार ने स्वास्थ्य विशेषज्ञों के बीच चिंता बढ़ा दी है। द नेशनल न्यूज के हवाले से, इंडिपेंडेंट सेज की सदस्य प्रोफेसर क्रिस्टीना पगेल ने चेतावनी दी कि यूके को संभावित रूप से इन वेरिएंट्स, कमजोर प्रतिरक्षा और प्रतिकूल मौसम की स्थिति से प्रेरित एक और लहर का सामना करना पड़ सकता है। चूंकि लोग खराब मौसम के कारण घर के अंदर अधिक समय बिताते हैं, इसलिए संचरण का खतरा बढ़ जाता है।

थाईलैंड में भैसों की दौड़ के वार्षिक आयोजन को देखते हुए लोग।

प्रधानमंत्री हुन सेन का बेटा मानेत कंबोडिया के राजा का उत्तराधिकारी नियुक्त

नोम पेन्ह। पीएम हुनसेन के बेटे मानेत को कंबोडिया के राजा का उत्तराधिकारी नियुक्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कंबोडिया के राजा ने देश के प्रधानमंत्री हुन सेन के बेटे एवं सेना प्रमुख हुन मानेत को सोमवार को औपचारिक रूप से उनका उत्तराधिकारी नियुक्त कर दिया है। लंबे समय से प्रधानमंत्री के पद पर आसीन हुन सेन की पार्टी ने पिछले महीने एकतरफा चुनाव में जीत हासिल की थी। हुन मानेत को अगला प्रधानमंत्री नियुक्त करने के शाही आदेश पर राजा नोरोडोम सिहामोनी ने हस्ताक्षर कर दिए और इसे सरकार के सोशल मीडिया खाते पर साझा किया गया। इस आदेश के अनुसार, 45 वर्षीय हुन मानेत आधिकारिक तौर पर भावी प्रधानमंत्री हैं और वह 22 अगस्त को पदभार ग्रहण करेंगे। इधर हुन मानेत ने उन पर भरोसा करने के लिए राजा को धन्यवाद दिया। उन्होंने 'टेलीग्राम' पर लिखा कि देश और उसके लोगों की सेवा करना उनके लिए जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। वह अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने देश की प्रतिष्ठा को बढ़ाने और देशवासियों के जीवन स्तर को सुधारने का वादा किया। बता दें कि इस आदेश से कुछ दिन पहले, कंबोडिया के निर्वाचन आयोग ने 23 जुलाई को हुए आम चुनाव के परिणामों की शनिवार को घोषणा की, जिसमें प्रधानमंत्री हुन सेन की सत्तारूढ़ पार्टी को भारी बहुमत के साथ विजयी घोषित किया गया। इन चुनावों की पश्चिमी देशों की सरकारों और अधिकार समूहों ने कड़ी निंदा की है। उनका कहना है कि ये चुनाव न तो निष्पक्ष थे और न ही स्वतंत्र, क्योंकि अहम विश्वसनीय विपक्षी दलों को इसमें भाग नहीं लेने दिया गया।

40 देशों की जासूसी एजेंसी के प्रमुख की खुफिया बैठक में अजित डोभाल का साफ संदेश

यूक्रेन में शांति जरूरी है लेकिन रूस के बिना नहीं

जेद्दा (एजेंसी)। सऊदी अरब के जेद्दा में 40 देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों का जुटान हुआ। भारत की तरफ से मोदी के जेम्स बांड कहे जाने वाले अजित डोभाल भी इसमें शामिल हुए। डोभाल ने इस मीटिंग से दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया कि यूक्रेन में शांति जरूरी है, लेकिन रूस को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। डोभाल ने सुझाया है कि यूक्रेन के लिए प्रस्ताव बनने की सूरत में रूस का उसमें होना बेहद ही जरूरी है। उनका ये बयान बताने के लिए भी काफी है कि भारत के लिए रूस की दोस्ती आज उतनी ही आवश्यक है जितनी युद्ध के पहले थी।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने कहा कि भारत ने युद्ध की शुरुआत के बाद से नियमित रूप से रूस और यूक्रेन दोनों के साथ उच्चतम स्तर पर बातचीत की है। जेद्दा में यूक्रेन पर आयोजित बैठक में डोभाल ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून में निहित सिद्धांतों के आधार पर वैश्विक व्यवस्था का समर्थन करता है। एनएसए अजीत डोभाल ने कहा, सभी राज्यों द्वारा संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान बिना किसी अपवाद के बरकरार रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायसंगत और स्थायी समाधान खोजने के लिए सभी हितधारकों को शामिल करते हुए सभी शांति प्रयासों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए और यही कारण है कि भारत ने जेद्दा में बैठक में भाग लिया।

डोभाल ने कहा कि पूरी दुनिया और विशेषकर वैश्विक दक्षिण इस स्थिति का खामियाजा भुगत रहा है। भारत यूक्रेन को मानवीय सहायता और वैश्विक दक्षिण में अपने पड़ोसियों को आर्थिक सहायता दोनों प्रदान कर रहा है। भारत का दृष्टिकोण हमेशा संवाद और कूटनीति को बढ़ावा देने का रहा है और रहेगा। शांति के लिए आगे बढ़ने का यही एकमात्र रास्ता है। डोभाल ने साफ कर दिया है कि यूक्रेन में शांति का समाधान ऐसा होना चाहिए जो रूस के विचारों से मेल खाता हो और सभी को मान्य हो। किसी भी शांति समझौते के लिए रूस को भी शामिल किया जाना चाहिए।

जल्दबाजी में पारित किया गया निर्णय, पीटीआई ने इमरान खान की सजा को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर तोशाखाना मामले में अतिरिक्त एवं सत्र न्यायाधीश (एडीएसजे) हुमायूं दिलावर के फैसले को अमान्य और शून्य घोषित करने का अनुरोध किया। याचिका संविधान के अनुच्छेद 184(2) के तहत दायर की गई थी और इस आधार पर तोशाखाना मामले की फिर से सुनवाई करने की मांग की गई थी कि पीटीआई प्रमुख को निष्पक्ष सुनवाई नहीं दी गई थी। याचिका में कहा गया है कि अनुच्छेद 10ए के तहत एक मौलिक अधिकार, निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशखाना मामले में उनकी सजा के संबंध में अस्वीकार कर दिया गया है। संघीय राजधानी में जिला और सत्र अदालत द्वारा राज्य उपहार डिपॉजिटरी से संबंधित भ्रष्ट आचरण के लिए खान को दोषी ठहराए जाने के बाद 5 अगस्त को खान को गिरफ्तार कर लिया गया और अटॉक जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। एडीएसजे दिलावर ने खान को तीन साल की जेल की सजा सुनाई, साथ ही 100,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया, जबकि उनकी तत्काल गिरफ्तारी के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया। याचिका में तर्क दिया गया कि न केवल निर्णय जल्दबाजी में पारित किया गया था, बल्कि इसे खान की अनुपस्थिति में भी घोषित किया गया था और यह इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के निर्देशों की पूरी तरह से अवहेलना थी। माननीय इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के दिनांक 04.08.2023 के उस आदेश ने स्पष्ट रूप से विचारणीयता के मुद्दे को विद्वान अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश को नए सिरे से तय करने के निर्देश के साथ वापस भेज दिया। हालांकि, इस निर्देश को कमजोर करते हुए, विद्वान न्यायाधीश ने किसी भी नए निर्णय को दरकिनार कर दिया और मामले के वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन के बिना, प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को नष्ट करते हुए, जल्दबाजी का उल्लंघन करते हुए आवेदन को खारिज कर दिया।

अब ट्विटर पर लाइव-स्ट्रीम होगी मस्क और जकरबर्ग की फाइट, चैरिटी में जाएगी कमाई

सैन फ्रांसिस्को (एजेंसी)। एलन मस्क और मार्क जकरबर्ग की फाइट को ट्विटर पर लाइव-स्ट्रीम के जरिए दुनिया देख सकेगी। इससे होने वाली कमाई को चैरिटी के खाते में जमा किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क और मेटा (फेसबुक) के सीईओ मार्क जकरबर्ग की मार्शल आर्ट्स फाइट को एक्स यानी ट्विटर पर लाइव-स्ट्रीम किया जाएगा। इससे होने वाली कमाई को वेटरन्स की चैरिटी के लिए दिया जाएगा। मस्क ने खुद एक्स पर इसकी घोषणा की है। गौरतलब है कि हाल में ट्विटर का नाम बदलकर एक्स किया गया है। मेटा ने एक्स को टक्कर देने के लिए हाल में अपना माइक्रोब्लॉगिंग ऐप थ्रेडस लॉन्च किया था। इसके बाद से ही मस्क और जकरबर्ग के बीच जुबानी जंग चल रही है। मस्क ने जकरबर्ग को मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स केज फाइट के लिए चुनौती दी थी। जकरबर्ग ने इसे स्वीकार कर लिया था। पिछले साल मस्क ने ट्विटर को खरीदा था। तबसे इस माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म में कई तरह की समस्याएं चल रही हैं। कंपनी के एड रेवेन्यू में भी भारी गिरावट आई है। मौके का फायदा उठाते हुए मेटा ने अपना माइक्रोब्लॉगिंग ऐप थ्रेड्स लॉन्च किया था। तबसे दोनों महारथियों के बीच ठनी हुई है। जून में दोनों केज मैच फाइट के लिए सहमत हुए थे।

इस दौरान मस्क ने ट्विटर में एक पोस्ट में कहा था कि वह जकरबर्ग के साथ केज फाइट के लिए तैयार हैं। इस पर जकरबर्ग ने मस्क के ट्वीट का स्क्रीनशॉट पोस्ट करते हुए कैप्शन लिखा, मुझे लोकेशन भेजिए। इस पर मस्क ने जवाब दिया, वेगास ओक्टागॉन। हालांकि मस्क ने जकरबर्ग के साथ मनोवैज्ञानिक बढ़त बनाने के लिए पासा फेंका है। उन्होंने ट्वीट किया, मेरे पास एक ग्रेट मूव है जिसे में द वॉलरस कहता है। इसमें मैं अपने विरोधी के टॉप में बैठ जाता हूं और कुछ नहीं करता हूं। एक और ट्वीट में उन्होंने कहा कि मैं कभी भी वर्क आउट नहीं करता हूं। केवल अपने बच्चों को पिक करता हूं और उन्हें हवा में उछलता हूं।

ईरान में और सख्त होगा हिजाब कानून, एआई से होगी निगरानी

तेहरान (एजेंसी)। ईरान में महिलाओं पर हिजाब कानून और सख्त होने वाला है। बताया जा रहा है कि अब एआई से निगरानी रखी जाएगी। साथ ही इसके उल्लंघन पर होने वाली सजा को 10 साल तक बढ़ाया जा रहा है। इस तरह से यहां महिलाओं को लेकर पाबंदियां कम होने की बजाय बढ़ती ही जा रही है। गौरतलब है कि यहां सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के लिए सिर के बाल ढंकना और ढीले-ढाले कपड़े पहनना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर जुर्माने और सज़ा का प्रावधान भी है। अब इसी बीच खबर है कि ईरानी सरकार हिजाब पहनने को लेकर पहले से कड़े नियम लाने की तैयारी कर रही है। बता दें कि पिछले कुछ समय से यहां हिजाब को लेकर विवाद जारी है। महसा आमिनी के मौत के एक साल पूरे होने से पहले ईरान सरकार यह कदम उठाने जा रही है। याद हो कि पिछले साल 22 साल की ईरानी लड़की महसा को पुलिस ने हिजाब को ठीक से न पहनने को लेकर हिरासत में लिया गया था उसके कुछ घंटे बाद पुलिस कस्टडी में ही उसकी मौत हो गई। महसा की मौत के बाद लोगों का गुस्सा उबल पड़ा और देश के अलग- अलग हिस्सों में भारी विरोध प्रदर्शन हुआ।

बता दें कि ईरान में उस समय 500 से ज्यादा प्रदर्शनकारी मारे गए थे। हिजाब को लेकर शोर सिर्फ ईरान नहीं बल्कि स्वीडन से लेकर कनाडा और तमाम अरब देशों में भी सुनाई देने लगा था। हिजाब के खिलाफ ईरान की महिलाओं का साथ देने के लिए अलग-अलग मुल्कों में महिलाएं सड़कों पर उतर आई थी। दुनियाभर में हो रही हिजाब क्रांति के बावजूद ईरान सरकार अपने फैसले से पीछे हटने का नाम नहीं ले रही है। जानकारी के अनुसार यहां पर नए विधेयक में हिजाब न पहनने वालों की सजा को अधिकतम 2 महीने से बढ़ाकर 10 साल कर दिया जाएगा। अब हिजाब न पहनने वाली महिलाओं को ट्रैक करने के लिए एआई की मदद भी ली जाएगी। विशेषज्ञों के अनुसार यह विधेयक, ईरानियों के लिए एक चेतावनी है कि पिछले साल देशभर में भारी विरोध प्रदर्शन के बावजूद ईरान हिजाब रूल पर अपने रुख से पीछे नहीं हटेगा।

पोप फ्रांसिस बोले- चर्च एलजीबीटी सहित सभी लोगों के लिए खुला है, लेकिन...

(एजेंसी)। पोप फ्रांसिस ने कहा कि कैथोलिक चर्च समलैंगिक समुदाय सहित सभी के लिए खुला है और आध्यात्मिकता के व्यक्तिगत मार्ग पर इसके नियमों के दायरे में उनका साथ देना उसका कर्तव्य है। पुर्तगाल से रोम लौट रहे विमान में पत्रकारों से बात करते हुए फ्रांसिस ने यह भी कहा कि जून में पेट की हर्निया की सर्जरी के बाद उनका स्वास्थ्य अच्छा है। उन्होंने कहा कि उनके टांके हटा दिए गए हैं, लेकिन उनकी मांसपेशियां मजबूत होने तक उन्हें दो या तीन महीने तक पेट पर बैंड पहनना होगा। पुर्तगाल में विश्व युवा दिवस कैथोलिक उत्सव से वापस लौटते हुए, 86 वर्षीय पोप अच्छे फॉर्म में दिखाई दिए, जब उन्होंने पत्रकारों के सामने बैठकर अपने पारंपरिक फ़्रीव्हीलिंग पोस्ट-ट्रिप प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगभग आधे घंटे तक सवालों के जवाब दिए। एक रिपोर्टर ने उन्हें याद दिलाया कि यात्रा के दौरान उन्होंने कहा था कि चर्च हर किसी के लिए खुला है और पूछा कि क्या यह असंगत नहीं है कि कुछ, जैसे कि महिलाओं और समलैंगिक लोगों के पास समान अधिकार नहीं हैं और उन्हें प्राप्त नहीं हो सकता है। यह पवित्र आदेशों के संस्कार के माध्यम से महिलाओं को पुजारी बनने की अनुमति नहीं देने और समान-लिंग वाले जोड़ों को विवाह का अनुबंध करने की अनुमति नहीं देने का एक स्पष्ट संदर्भ था, जो एक संस्कार भी है। उन्होंने कहा कि चर्च सभी के लिए खुला है लेकिन ऐसे कानून हैं जो चर्च के अंदर जीवन को नियंत्रित करते हैं। उन्होंने कहा कि विधान के अनुसार, वे (कुछ) संस्कारों में भाग नहीं ले सकते। इसका मतलब ये नहीं कि ये बंद है. प्रत्येक व्यक्ति चर्च के अंदर अपने तरीके से भगवान का सामना करता है। उन्होंने कहा कि चर्च में मंत्रियों को एक मां के धैर्य और प्यार के साथ सभी लोगों का साथ देना होता है, जिनमें नियमों का पालन नहीं करने वाले लोग भी शामिल होते हैं। चर्च सिखाता है कि महिलाएं प्रीस्ट नहीं बन सकतीं क्योंकि यीशु ने केवल पुरुषों को अपने प्रेरितों के रूप में चुना था।

400 गुणा तक बढ़ा इंफ्रास्ट्रक्चर, चीन सीमा मुद्दे पर विपक्ष की बयानबाजी पर जयशंकर बोले-

जोर से बोलने से ज्यादा जरूरी जमीन पर क्या किया ये देखें

(एजेंसी)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन के साथ सीमा मुद्दे सहित राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर आलोचना को लेकर सोमवार को विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि सरकार ने हमेशा सीमा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने को प्राथमिकता दी है। पत्रकारों के एक समूह के साथ बातचीत में जयशंकर ने विपक्ष पर कटाक्ष किया और कहा कि जिन लोगों ने सीमा के बुनियादी ढांचे की उपेक्षा की, वे यह दावा नहीं कर सकते कि वे चीन के साथ सीमा की स्थिति के बारे में चिंतित थे। उन्होंने कहा कि जब राजनीतिक क्षेत्र में लोग एक राय रखते हैं और कहते हैं कि उनकी एक मजबूत राय है, तो यह इस बारे में नहीं है कि आप कितना जोर से बोलते हैं, बल्कि यह है कि आपने जमीन पर क्या किया है।

उन्होंने कहा कि हमने जो किया है, उससे कहीं अधिक बड़ा प्रयास हमारे सीमा बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने का है। जयशंकर ने कहा कि चीन ने 2000 तक सीमा पर बुनियादी ढांचा विकसित कर लिया था। उन्होंने कहा कि अगर गलवान झड़प 2014 में होती तो भारत को बड़ा नुकसान होता। 2020 में जब गलवान (संघर्ष) हुआ तो हम जल्दी पहुंचने में सक्षम थे। अगर यह 2014 में हुआ होता, तो हम ऐसा नहीं कर पाते। जब आप आमने-सामने जाते हैं, तो आपको रसद की आवश्यकता होती है। पहले, हम एक बड़े नुकसान में थे लेकिन अब हमारी तैनाती (हमारे सैनिकों की) बहुत तेज है।

जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों में काफी गिरावट आई, जो दशकों में दोनों पक्षों के बीच सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष था। भारतीय और चीनी सैनिक पूर्वी लद्दाख में कुछ घर्षण बिंदुओं पर तीन साल से अधिक समय से टकराव में हैं, जबकि दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी पूरी कर ली है।

कोरिया जिला पुलिस का नया कारनामा, चोरी का सामान खुद कर रहे थे इस्तेमाल, दूसरी चोरी के बाद खुली पोल

» पहली चोरी के जब्त सामान को उसके मालिक को सुपुर्द करने की बजाए पुलिसकर्मी कर रहे थे उपयोग

» दूसरी चोरी के बाद साइबर टीम ने की जांच तो खुली पोल,एक पुलिसकर्मी हुआ लाइन हाजिर

कहीं वसूली की खबरें,कहीं अवैध कार्यों में संलिप्तता की बात अब चोरी में भी हिस्सेदारी, क्या यही है पुलिस का असली काम

» मामला उजागर होने के बाद निलंबित करने के बजाए दो पुलिसकर्मियों को किया लाइन हाजिर

» चोरी के बरामद सामान को दूसरे के ऊपर लादकर पुलिस को बचाने का प्रयासःसूत्र

» चोरी की वारदात बढ़ रही जिले में फिर भी पुलिसकर्मी अपने ही कारनामों से पुलिसिंग को कर रही बदनाम

» आखिर कोरिया पुलिस पर लोगों का भरोसा कैसे आएगा वापस ?

» कोरिया पुलिस की स्तरहीन कार्यप्रणाली जनता के लिए बना समस्या

-रवि सिंह-

बैकुण्ठपुर, 07 अगस्त 2023 (घटती-घटना)। चरचा में एक डॉक्टर के घर हुई चोरी में एक महीने तक पुलिस ने नहीं लिखा एफआईआर...चोरी का समान पुलिस ने कर किया बरामद...सोचा की दब जाएगी बात और खुद चोरी का सामान पुलिसकर्मी करते रहे इस्तेमाल...दूसरे चोरी की घटना होने पर हुआ खुलासा, अब एफआईआर भी होगा और पुलिस की बदनामी को बचाने का प्रयास भी।

पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए होती है पर पुलिस से सुरक्षा पाना क्या लोगों के लिए आसान रह गया यह बड़ा सवाल है? और खासकर कोरिया में तो और दिक्कत है, कोरिया में एक मामला सामने आया है जो अजीबोगरीब है यह मामला विशेष सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार है 7 जुलाई को चरचा में पदस्थ एक डॉक्टर के घर चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता है, जिस घटना में चोर डॉक्टर के घर में रखा नया मोबाइल, कैमरा और कुछ सोने के आभूषण ले जाते हैं, जिसकी सूचना डॉक्टर के द्वारा थाने में दी जाती है पर एफआईआर दर्ज नहीं की जाती है और इसी बीच चरचा थाने की पुलिस चोर से चोरी के सामान को बरामद कर लेती है पर एफआईआर दर्ज ना होने की वजह से वह चाहती है कि यह मामला दब जाए और चोरों को बचाने के लिए चोरी के सामान को चोर से ले लेते हैं और खुद इस्तेमाल करने लगते है, इसकी पोल तब खुलती है जब चरचा के एसईसीएल अस्पताल के सीएमओ के घर फिर चोरों का हमला होता है, जिसके बाद साइबर की टीम जांच में जाती है और वहां पर वह डॉक्टर बोल देती है कि उसके यह भी चोरी हुई है, जिस डाक्टर के यहां की चोरी का सामान बरामद कर पुलिसकर्मी उपयोग कर रहे थे, गठित टीम पीड़ित डाक्टर से चोरी हुए मोबाइल का ईएमआई नंबर मांग लेती है और जब उस नंबर को पता किया जाता है तो वह पुलिस वाले के पास मिलता है, फिर पूरा मामला ही खुलकर सामने आ जाता है, पर जैसे ही इस मामले का खुलासा होता है 2 में से एक कर्मचारियों को चरचा थाने से लाइन हाजिर कर दिया जाता है, और मामले को दबाने का प्रयास शुरू हो जाता है। इस मामले में जो 2 पुलिस वालों का नाम आ रहा है उसमें एक प्रधान आरक्षक प्रेमलाल और दूसरा नाम आरक्षक साकेत का सामने आ रहा है, उच्च अधिकारियों को जहां ऐसे पुलिसकर्मियों को निलंबित करके कार्यवाही करनी चाहिए थी, ताकि आगे भी कोई पुलिसकर्मी ऐसा करने के लिए सौ बार सोचे, लेकिन पुलिसकर्मियों को ही बचाने के लिए अधिकारी लग गए

और अधिकारी उस सामान को चोर से बरामद हुआ है ऐसा कह कर पुलिस कर्मचारियों को बचाने में लगे हुए हैं। घटती-घटना इस की पुष्टि नहीं करता है पर मामले की निष्पक्ष जांचा की मांग जरुर करता है।

एसईसीएल रीजनल अस्पताल चरचा में पदस्थ डॉक्टर एस मींस के घर हुई थी चोरी

7 जुलाई 2023 को एसईसीएल रीजनल अस्पताल चरचा में पदस्थ डॉ एस मींज के पिता की तबीयत खराब होने की वजह से रांची गई हुई थी इस बीच उनके घर चोरों ने धावा बोला और उनके घर में रखा नया मोबाइल, कैमरा और कुछ आभूषण सहित कुछ समान तकरीबन 70-80 हजार की चोरी थी, रांची से आने के बाद डॉक्टर ने इसकी शिकायत चरचा थाने में देने गई थी पर उस पर एफआईआर नहीं हो पाया था, जैसे जैसे दिन बीत रहा था वैसे वैसे यह मामला दबता जा रहा था और चोरी बड़ी ना होने की वजह से डॉक्टर भी इस मामले में शांत थीं, अचानक 5 अगस्त 2023 को उसी अस्पताल में पदस्थ सीएमओ डॉ. कल्याण सरकार के घर भी चोरी हो जाती है, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित टीम उसकी जांच करने पहुंचती है और इसी बीच उन पुलिस वालों से डॉ एस मिंज की मुलाकात हो जाती है, और वह कहती हैं कि उनके घर भी चोरी हुई थी जिस पर वह पुलिसकर्मी उनसे जानकारी मांगते हैं और वह उस मोबाइल का ईएमआई नंबर दे देती हैं, उसके बाद क्या था पुलिस जब उस नंबर को जांच करती है तो पता चलता है कि वह मोबाइल एक पुलिसकर्मी के घर में है जिसके बाद पुलिस भी अपना माथा पीट लेती है पुलिस भी अब क्या करें पुलिस की बदनामी होनी है इसलिए पुलिस भी मामले को ठंडे बस्ते में डालने के लिए एक तरकीब निकाल रखी है।

पटना चोरी में भी नहीं हुआ एफआईआर

पुलिस थाना पटना अंतर्गत भी कई चोरी के वारदात हाल फिलहाल में घटे हैं और मामलों में प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है,प्राथमिकी दर्ज क्यों नहीं की गई है ,प्रथिमिक दर्ज क्यों नहीं की गई है यह तो पटना पुलिस ही बता सकती है लेकिन पुलिस थाना चरचा में जैसी घटना घटी है उसको देखकर पटना थाना अंतर्गत घटित चोरियों का समान बरामद हो चुका होगा ऐसा मानना गलत नहीं होगा। चोरी मामला पंजीबद्ध करने से क्या पुलिस इसी लिए बचती है यह भी सवाल उठ रहा है।

कोरिया पुलिस की कार्यप्रणाली पर लग गया सवालिया निशान

चरचा में पुलिसकर्मियों ने जो कुछ किया वह पुलिस विभाग के लिए बेहद शर्मनाक बात है, जिस पुलिस के होने की बात मानकर लोग निश्चिंत रहते हैं यदि वही चोरों से मिली हो तब समझा जा सकता है की सुरक्षा का जिम्मा सम्हालने वाले अपने कर्तव्य के प्रति कितने ईमानदार हैं। पुलिसकर्मियों का कृत्य जो चरचा से समाने आया है उसके बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग गया है। अब चोरी के मामलो में पुलिस पर जिले के लोग कितना विश्वास करेंगे यह भी सोचने वाली बात है और लोग चोरी हो जाने पर रिपोर्ट करने से भी परहेज करेंगे क्योंकि वह यही सोचकर चुप रह लेंगे की जब बरामद होने के बाद समान पुलिसकर्मी ही उपयोग करेंगे तो फिर क्यों रिपोर्ट करना।

अवैध कार्यों को संरक्षण,जबरन वसूली की शिकायतें पहले भी पुलिस को लेकर आती रहीं हैं सामने

कोयले के अवैध कारोबार,कबाड़ के अवैध कारोबार की बात हो या फिर जबरन वसूली की कोरिया पुलिस पर ऐसे आरोप लगते ही रहे हैं और पुलिस की छवि धूमिल होती ही रही है लेकिन ताजा घटना सोने पर सुहागा कहावत को चरितार्थ करती साबित होने जा रही है जहां विश्वास से चोरी की रिपोर्ट करने वाले के सामान की बरामदगी कर पुलिस खुद उसका उपयोग करती जा रही थी जो जांच में सामने आने के बाद अब पुलिस अपनी साख बचाने में लगी हुई है।

प्रधान आरक्षक हुए लाइन हाजिर,मददगार आरक्षक अभी भी हैं थाने में पदस्थ

चरचा पुलिस थाने में चोरी का सामान जब्त कर बिना उसके मालिक को सुपर्द किए या जानकारी दिए उपयोग करने के मामले में साइबर टीम की जद में आए प्रधान आरक्षक को तो लाइन हाजिर कर दिया गया लेकिन उनके मददगार आरक्षक आज भी थाने में पदस्थ हैं और यह भी चर्चा का विषय है।बताया जाता है की मामले में दोषी पाए गए प्रधान आरक्षक और उक्त आरक्षक की जोड़ी काफी प्रसिद्ध थी थाना क्षेत्र में और कोई भी काम दोनो मिलकर किया करते थे। अब सवाल यह उठता है की इस मामले में भी दोनो साथ साथ एक राय जरूर रहे होंगे और ऐसे में आरक्षक को छोड़ देना समझ से परे है।

मनचाही जगह आज भी पदस्थ है एक पुलिसकर्मी

चरचा थाने में एक पुलिसकर्मी अपनी मर्जी से पदस्थ हुआ और आज भी वह वहीं जमा हुआ है,उसे मनचाही जगह पदस्थ रहने का जैसे वरदान मिला हुआ है। कई वर्षों से पदस्थ उक्त पुलिसकर्मी को लेकर यही कहा जा सकता है की मनचाही पोस्टिंग में वह महारत रखे हुए हैं। ऐसे ही एक आरक्षक है जिन्हें वर्दी से परहेज है पटना थाना में रखते हुए उन्होंने तो बिना वर्दी पहना, नहीं फिर अचानक उनका तबादला चरचा थाने हो गया था पर चरचा थाना उन्हें रास नहीं आया, जुगाड़ बना कर फिर से पटना थाने में ही पड़े हैं, ऐसा लग रहा है कि पटना में रहना है इनकी मजबूरी। बिना वर्दी के इस आरक्षक की पहचान है बिना वर्दी वाला आरक्षक बोलने से कोई भी जान जाएगा कि कौन आरक्षक है वसूली में माहिर है नशे में धुत रहना उनका काम है।

नहीं हो पाई बात

इस संबंध में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बैकुंठपुर से बात करने का प्रयास किया गया पर संपर्क ना होने की वजह से बात नहीं हो पाई।

पुलिस विभाग में हुए तबादले में दिखी अनियमितता,कई लोगों की हुई घर वापसी

» नक्सल प्रभावित क्षेत्र में अवधि पूरी होने के बाद उन्ही क्षेत्रों के आसपास हुआ तबादला

» राज्य सरकार के ट्रांसफर नीतियों का भी नहीं हुआ पालन

-रवि सिंह-

कोरिया/एमसीबी 07 अगस्त 2023 (घटती-घटना)। प्रदेश में पुलिस विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर तबादला किया गया, जिसमें निरीक्षक उपनिरीक्षक के तबादले शामिल है लेकिन इस तबादला सूची जारी होने के बाद अब कई कमियां इसमें देखी जा रही है, जिस वजह से कर्मचारियों में रोष भी है और कुछ कर्मचारियों का यह भी कहना है कि सूची में राज्य के ट्रांसफर नीति का उल्लंघन हुआ है, मतलब कि कहा जाए तो ट्रांसफर नीति के तहत स्थानांतरण नहीं हुआ है, कई पुलिसकर्मियों को चुनाव के समय ही अपने गृह जिले में भेजा गया है जो नियम से नहीं भेजा जाना था, वही नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में समय अवधि पूरा करने वाले कर्मचारियों को भी उसी क्षेत्र के आसपास ही रखा गया उन्हें नक्सली प्रभावित क्षेत्रों से दूर नहीं किया गया, तमाम तरह के बात अब सूची के बाद उठने लगी है, कहीं न कहीं विपक्ष भी इस मुद्दे को उठाने लगी है विपक्ष भी ट्रांसफर नीति पर

सवाल उठा चुकी है और जो सवाल अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है, कहीं ना कहीं पुलिस कर्मचारियों में बोलचाल में यह बातें अब चर्चा का विषय बनी है और सूची को देखकर चर्चा की जाए तो कई ऐसे नाम है जो अपने प्रभाव व पकड़ से अपने मनचाहे जिलों में जाने में सफल हो गए हैं वही गृह ग्राम वाले जिले में भी कर्मचारियों को भेजा गया है अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या 2023 विधानसभा का चुनाव प्रभावित नहीं होगा कैसे निष्पक्ष तरीके से चुनाव की प्रक्रिया पूरी होगी।

पहुंच पकड़ वाले नक्सल प्रभावित क्षेत्र से बाहर निकलने में हुए सफल

पुलिस मुख्यालय रायपुर से जारी तबादला सूची अनुसार कुछ निरीक्षक और उप निरीक्षक नक्सल प्रभावित क्षेत्र से बाहर निकल पाने में सफल हुए,यह निरीक्षक उप निरीक्षक नक्सल क्षेत्र में कार्य करने की समय सीमा पूर्ण करते ही क्षेत्र से बाहर निकलने में सफल हुए वहीं अधिकांश को यह अवसर नहीं मिला। कुल मिलाकर गिने चुने ही नक्सल क्षेत्र से बाहर निकलने में सफल हो सके हैं।

पहुंच पकड़ आई काम,कुछ की हुई घर वापसी

पुलिस विभाग में पहुंच पकड़ का बड़ा महत्व है,बिना पहुंच पकड़ के पुलिस विभाग में मनचाही या अच्छी जगह पोस्टिंग नहीं मिल पाती,जारी तबादला सूची में भी यह देखा जा सकता है,कुछ ऐसे भी निरीक्षक उप निरीक्षक हैं जो घर वापसी करते नजर आ रहे हैं और यह सब उनकी ऊंची पकड़ के कारण हो सका है वहीं जिनकी पहुंच पकड़ अच्छी नहीं है वह नक्सल क्षेत्र में ही इधर से उधर किए गए हैं।

आखिर तबादला नीति का क्यों नहीं हुआ पालन,सवाल ?

पुलिस मुख्यालय से जारी तबादला सूची में तबादला नीति का पालन नहीं किया गया है यह अंदरखाने की ही खबर है जिसको लेकर पुलिसकर्मियों में ही असंतोष है,अब तबादला नीति का पालन क्यों नहीं किया गया यह बड़ा सवाल है,क्या तबादला सूची को लेकर पुलिस मुख्यालय पर दबाव था और पहुंच पकड़ वालों को उनकी मनचाही जगह भेजना अनिवार्य था इसलिए ऐसा किया गया। कुछ पुलिसकर्मियों की ही माने तो मुख्यालय से जारी तबादला सूची नियम अनुसार सही नहीं है और इसमें तबादला नीति का पालन किया जाना चहिए था जो नहीं किया गया।

खाद बीज दुकानों का औचक निरीक्षण

-संवाददाता-

बैकुण्ठपुर 07 अगस्त 2023 (घटती-घटना)। जिले में गुणवत्तापूर्ण खाद बीज बिक्री सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर कोरिया के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर चांदनी कंवर के नेतृत्व में कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर पटना क्षेत्र में संचालित खाद बीज दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्षेत्र में संचालित अनेक प्रतिष्ठानों एवं गोदामो का निरीक्षण किया गया। दुकानदारों को हिदायत दी गई की किसी भी स्थिति में अमानक बीजो एवं अवैध रूप से खाद का विक्रय न किया जाय और अगर ऐसा करते पाया गया तो सम्बंधित दुकानदार पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान लाइसेंसधारी खाद विक्रेताओं को खाद के अवैध संग्रहण या कालाबाजारी न करने की हिदायत दी गई । ज्ञात हो कि जिले में अवैध खाद भंडारण एवं विक्रय की शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर कोरिया द्वारा इस पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए थे जिसके पालन में पटना क्षेत्र में डिप्टी कलेक्टर चांदनी कंवर के नेतृत्व में क्षेत्र में संचालित नॉन बीज भंडार, संपत लाल राधेश्याम फर्म पटना, मिश्रा बीज भंडार, ओम साई कृषि सेवा केंद्र की खाद-बीज के दुकान एवं प्रतिष्ठान व गोदामो का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के उर्वरक निरीक्षक पी एल तिवारी एवं हल्का पटवारी योगेश गुप्ता उपस्थित थे।

अवैध तरीके से विक्रय किये जा रहे 375 बोरी खाद की जप्ती

औचक निरीक्षण के दौरान राजेश कृषि केंद्र पर बिना पोस मशीन के उर्वरक का भंडारण एवं विक्रय किया जा रहा था जो कि उर्वरक नियँत्रण आदेश 1985 का स्पष्ट उल्लंघन है। कार्यवाही के तहत मौके पर 150 बोरी यूरिया, 150 बोरी

एनपीके, 40 बोरी डीएपी, एवं 35 बोरी सिंगल सुपर फास्फेट की जप्ती बनाकर तत्काल प्रभाव से उसे विक्रय हेतु प्रतिबंधित कर दिया गया। दुकानदार को निर्देश दिया किया कि नियमानुसार आई डी जनरेट हो जाने तथा पोस मशीन के माध्यम से खाद का विक्रय करे।

सोसायटी के 11 क्यूंटल चावल की जप्ती बनाई गई

निरीक्षण के दौरान पटना में संचालित राजेश कृषि केंद्र के संचालक राजेश कुमार आ पन्नालाल की दुकान पर अवैध रूप से चावल का संग्रहण पाया गया। मौके पर दुकान में ही पीछे भंडारण कक्ष में 22 कट्टी सोसायटी का चावल संग्रहित करना पाया गया, पूछताछ के दौरान राजेश कुमार द्वारा यह बताया गया कि उसके द्वारा किसानों से फुटकर चावल खरीदा जाता है और एकत्र होने पर उसे राइस मिल में बेचा जाता है। डिप्टी कलेक्टर चांदनी कंवर के निर्देश पर अवैध रूप से क्रय एवं भंडारित किये गए चावल की जप्ती बनाकर सुपुर्दगी दी गई और प्रकरण के निराकरण होने तक उसे सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए।

सुरों एवं संगीत के कलाकारों की प्रस्तुति को श्रोताओं ने सराहा

चर्चित रहा संबोधन द्वारा आयोजित संगीत समारोह

-संवाददाता-

मनेन्द्रगढ़ 07 अगस्त 2023 (घटती-घटना)। संबोधन संगीत विद्यालय दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगीत समारोह देर रात अपनी ऊंचाइयों पर समाप्त हुआ गायक कलाकार बी रविंद्र कुमार ने अपने अलाप के साथ ÷घुंघरू तरह बजता ही रहा हूं मैं÷ जैसे गीतों से पूरे कार्यक्रम को ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया.सहयोगी कलाकार कु. करुणा गुप्ता ने नारी स्वर से कार्यक्रम को खूबसूरती प्रदान की. तालियों से सराबोर जनमानस उनके एक-एक गीत पर तालियां बजाता रहा. गायक कलाकार सरदार हरमहेंद्र सिंह ने अपने गजल ÷अपने आंखों की गहराई में उतर जाने दे÷ और रमेश गुप्ता ने ÷है जिंदगी कितनी खूबसूरत÷ जैसे गजलों की प्रस्तुति के साथ श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया. तबले पर संगत दे रहे कलाकार प्रदीप एवं आर्गन पर संगत करने वाले नीतीश पोद्दार सहित अन्य कलाकारों ने भी मंच की संगत ने समा बांध दिया। कार्यक्रम संचालक वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने सबसे पहले अतिथियों को मंच पर आमंत्रित किया, संस्था के उपाध्यक्ष श्री हारून मेमन एवं सदस्य गौरव अग्रवाल और कल्याण केसरी से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर के पी पटेल कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता श्री रमेश सिंह विशिष्ट अतिथि माननीय श्री योगेश कुमार सोलंकी प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय झगड़ाखांड माननीय वेंकटेश सिंह निदेशक, डीपीएस स्कूल एवं प्राचार्य

श्री तिवारी जी को रोली चंदन एवं बैज लगाकर स्वागत के लिए आमंत्रित किया।

शुभकामना उद्बबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. के पी पटेल ने कहा कि संबोधन साहित्य एवं कला विकास संस्थान मनेंद्रगढ़ एक लंबे समय से संगीत साधकों को अपने विद्यालय के माध्यम से साधना करने के लिए प्रेरित करती रही है इस विद्यालय के कई कलाकार अपनी संगीत साधना के बल पर अंचल में उभरकर सामने आए हैं उनमें से प्रदीप्तो लाहिरी जैसे कुछ कलाकार राष्ट्रीय स्तर पर भी इस विद्यालय का और इस अंचल का नाम रोशन कर रहे हैं।

कार्यक्रम अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा के संबोधन द्वारा आयोजित इस सुंदर संगीत समारोह के आयोजन के लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं. संस्था की गतिविधियों से प्रसन्न होकर उन्होंने कहा कि इस विद्यालय का सहयोग जब कभी भी संबोधन को आवश्यकता हो हम उन्हें सभागार एवं अन्य सुविधा का सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है उन्होंने 45 वर्षों की इस संस्था को सुझाव देते हुए कहा कि अपने सांस्कृतिक और साहित्यिक आयोजनों के लिए इस संस्था को शासन से अनुदान मिलने की प्रबल संभावनाएं हैं. इसके लिए संस्था को प्रयास करना चाहिए, एमसीबी जिले के कलेक्टर एवं यहां के जनप्रतिनिधियों से इस संस्था को पूर्ण सहयोग मिलेगा।

संस्था अध्यक्ष अनिल जैन ने संगीत साधकों को अपने विद्यालय के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई उन्होंने कहा कि यह विद्यालय 29 वर्ष पूर्व मनेन्द्रगढ़ के संगीत साधकों को बिलासपुर रायपुर जाकर परीक्षा में होने वाली परेशानियों को देखकर प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद के सहयोग से संबोधन संगीत विद्यालय1993 मे स्थापित किया गया था. आज अपने ही कलाकारों को बढ़ते हुए देखकर हमें खुशी होती है उन्होंने संस्था के प्रति कार्यक्रम अध्यक्ष माननीय रमेश सिंह के सुझाव एवं आशीर्वचन को क्रियान्वित करने हेतु विश्वास दिलाया. दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित यह कार्यक्रम पत्रकारों, संगीत साधको, संबोधन सदस्यों एवं संगीत प्रेमी नागरिको की उपस्थिति मे सूरों एवं संगीत की यह शाम देर रात तक श्रोताओं की तालियां बटोरती रही। कार्यक्रम का समापन गौरव अग्रवाल ने समस्त अतिथियों एवं सहयोगियों के आभार प्रदर्शन के साथ समापन की घोषणा की।

भारतीय स्टेट बैंक ,शाखा प्रेमनगर

ट्रेक्टर नीलामी सूचना

भारतीय स्टेट बैंक प्रेमनगर द्वारा सरफेसी अधिनियम 2002/ आरडीडीबीएफआई अधिनियम 1993 के प्रावधानों के तहत श्री गोपाल दास, ट्रैक्टर ऋण खाता 37470774214 की संपत्ति की बिक्री के लिए आरक्षित मूल्य की मंजूरी की गई है:

क्र.	ऋणी/खातेदार का नाम	निवासी	ट्रैक्टर (मेक)	रजि.न.	वर्ष	आरक्षित मूल्य
1	श्री गोपाल दास	ग्राम-कंचनपुर, ब्लॉक-प्रेमनगर,जिला-सूरजपुर	इंडो फार्म/ 3040 डीआई /2017	CG15DG4750	25.2.2018	2.07 Lakh

नीलामी दिनांक : 18/08/2023. दिन शुक्रवार समय शाम 4 बजे
नीलामी स्थल- शाखा प्रेमनगर,सूरजपुर,छ0ग0
नीलामी की शर्ते :- उक्त ट्रैक्टर की नीलामी से पूर्व बोलीकर्ता रूपए 10,000/- की धरोहर राशि का बैंकर्स चेक/डी0डी0 भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रेमनगर में दिनांक 18/08/2023 शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक जमा कर सकते हैं। 2. नीलामी होने पर बोलीकर्ता को उसी दिन कार्यालय में 25 प्रतिशत तथा 7 दिवस में पूरी राशि जमा कराना होगा। 3. 7 दिवस में बोलीकर्ता द्वारा चुकता राशि जमा नहीं की जाती है तो सुरक्षा निधि स्वयं जप्त हो जाएगी। 4. नीलामी पक्ष में न होने पर जमाकर्ता की सुरक्षा राशि उसी दिन वापस कर दी जाएगी। 5. अधिकतम बोली स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है। 6. ट्रैक्टर नीलामी के पश्चात पंजीयन ट्रांसफर का कार्य क्रेता को स्वयं के व्यय पर कराना होगा 7. ट्रैक्टर नीलामी जहां है जैसे है, के आधार पर की जा रही है। 8.उक्त ट्रैक्टर देखने के लिये संबंधीत शाखा से संपर्क कर देख सकते हैं। 9. ट्रैक्टर की नीलामी को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है।

स्थान :- प्रेमनगर,सूरजपुर
दिनांक :- 07/08/2023

प्राधिकृत अधिकारी
भारतीय स्टेट बैंक

न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,छ.ग.

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0 202308021200 / अ-6/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि आवेदक मराही देवी पति रंगलाल साव चंद्रदेव आ0 रंगलाल साव ने आवेदन प्रस्तुत कर कथन किया कि आवेदकगण के पति/पिता रंगलाल साव आ0 रंगलाल आ0 बुचुसाव के स्वामित्व एवं हक की शीट नम्बर- 09, मोहल्ला-ठनगनपारा, नगर अम्बिकापुर, स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक 1715/9 रकबा 0.05 एकड़ भूमि है। रंगलाल साव आ0 बुचुसाव की मृत्यु दिनांक 26.08.2010, को हो चुकी है। रंगलाल साव आ0 बुचुसाव के वैध उत्तराधिकारी आवेदकण है। अतः भूधारक की मृत्यु होने के कारण उनका नाम विलोपित कर आवेदगण का नाम दर्ज किये जाने बावत आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109, 110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दाया अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता को माध्यम से दिनांक- 25/08/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दाया-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक- 07/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

न्यायालय तहसीलदार नजूल अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,छ.ग.

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0 1289 / अ-20(1)/2022-23

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है छत्तीसगढ़ शासन राजस्व प्रबंधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के परिपत्र क्रमांक एफ 04-07/सात-01/2019 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 11/09/2029 के द्वारा जारी निर्देशानुसार छ0ग0 राजस्व पुस्तक परिपत्र के खण्ड 4(1) एवं 4(2) के अद्यतन संशोधित प्रावधानों के तहत आवेदन विश्वविजय सिंह तोमर आ0 श्री दिग्विजय सिंह तोमर निवासी ग्राम बिशुनपुरकला अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा के द्वारा नगर अम्बिकापुर के मोहल्ला/ग्राम बिशुनपुरकला अम्बिकापुर स्थित शासकीय राजस्व भूमि खसरा नम्बर 1/1 में से रकबा 0.025 हे0 255 वर्गमीटर भूमि पर पक्का मकान निर्माण कर अतिक्रमण किया गया है। उसके व्यवस्थापन/आबंटन बावत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचारधीन है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश दिनांक 16/08/2023 तक नयायालय में पस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही कियाजावेगा।

आज दिनांक 28/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश की खड़गवां विकास खंड में उड़ाई जा रही है धज्जियां

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवा,07 अगस्त 2023
(घटती घटना)

खड़गवा विकास खंड के शिक्षा विभाग में नित नए नए कारनामे उजागर हो रहे हैं अभी हाल में ही संयुक्त संचालक शिक्षा के आदेशों की उड़ाई जा रही है धज्जियां खड़गवां विकास खंड में शिक्षकों के प्रमोशन के बाद भी कार्यभार ग्रहण नही करने वाले शिक्षको के लिए विभाग ने अल्टीमेटम जारी किया है। की निर्धारित दिनांक तक पदभार ग्रहण नही करने का मामला शांत हुआ नहीं कि एक और मामला खड़गवां विकास खंड के आमाडाड हाई स्कूल में पदस्थ व्याख्याता एल बी रमेश कुमार हलवाई का सामने आ गया जिसका स्थानांतरण छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग - टी मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के दिनांक 30/9/202200 आदेश क्रमांक एफ 1--53/2022/20--चार राज्य शासन द्वारा निम्नलिखित व्याख्याताओं को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित करते हुए उनके नाम के सम्मुख कालम --5 में दर्शाए गए स्थान पर अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यंत पदस्थ करता हैं।

उपरोक्त आदेश में स्थानांतरित व्याख्याता को निर्देशित किया जाता है की वे नवीन पदस्थापना स्थान पर आदेश जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर कार्यभार ग्रहण करें उक्त समय अवधि के भीतर भार मुक्त नहीं होने की स्थिति में संबंधित व्याख्याता स्वमेव भार मुक्त माने जाएंगे निर्धारित समय अवधि में कार्यभार ग्रहण नहीं करने पर संबंधित व्याख्याता के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी दी गयी हैं। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने संयुक्त संचालक संभागीय लोक शिक्षण कार्यलय में इस आशय का आदेश सभी जिला शिक्षा अधिकारियों विकास खंड शिक्षा अधिकारियों को जारी किए है। छत्तीसगढ़ शासन के जारी आदेश के बाद कार्यलय जिला शिक्षाअधिकारी बैकुंठपुर जिला कोरिया छ.ग. के आदेश क्रमांक 8329/स्थापना --1/ टई-- संवर्ग/2022--23 दिनांक 12/12/2022 को पत्र के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय के आदेश और पत्र क्रमांक का हवाला रमेश कुमार हलवाई व्याख्याता


कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बैकुण्ठपुर–जिला कोरिया (छ0ग0)
//आदेश//
क्रमांक/8329/ स्था0–1/टी सवर्ग/2022–23 बैकुण्ठपुर दिनांक 12/12/2022
छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 1–53/2022/20–चार नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 30.09.2022 के द्वारा श्री रमेश कुमार हलवाई, व्याख्याता (एलबीबी) विषय–हिन्दी शा0 हाईस्कूल आमाडाड वि0ख0 खड़गवां जिला मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर (छ0ग0) का प्रशासनिक स्थानान्तरण करते हुए शा0 हाईस्कूल पटोरा वि0ख0 लुण्ड्रा जिला सरगुजा (छ0ग0) में पदस्थ किया गया है। उक्त आदेश के तहत श्री रमेश कुमार हलवाई व्याख्याता (एलबीबी) विषय– हिन्दी को स्थानांतरित संस्था में कार्यभार ग्रहण करने हेतु कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सरगुजा (छ0ग0) के लिए आज दिनांक 12.12.2022 को अपराह्न में भारमुक्त किया जाता है।
जिला शिक्षा अधिकारी (बैकुण्ठपुर)
क्रमांक/8329 स्था0–1/टी सवर्ग/2022–23 बैकुण्ठपुर दिनांक 12 /12/2022
प्रतिलिपि –
01. मंत्रालय, लोक शिक्षण संचालनालय इन्द्रावती भवन नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
02. कलेक्टर, जिला कोरिया/सरगुजा (छ0ग0) की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
03. संयुक्त संचालक, (शिक्षा) सरगुजा संभाग अम्बिकापुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
04. जिला शिक्षा अधिकारी, जिला अम्बिकापुर सरगुजा (छ0ग0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
05. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (शिक्षा) जिला मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर (छ0ग0) को सूचनार्थ।
06. विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, खड़गवां जिला मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर (छ0ग0) को सूचनार्थ।
07. संबंधित श्री रमेश कुमार हलवाई, व्याख्याता (एलबीबी) विषय–हिन्दी को सूचनार्थ व पालनार्थ।

(एल. बी.) विषय- हिन्दी शासकीय हाईस्कूल आमाडाड विकास खंड खड़गवां जिला मनेंद्रगढ़- चिरमिरी- भरतपुर छ.ग. का प्रशासनिक स्थानांतरण करते हुए शासकीय हाईस्कूल पटोला विकास खंड लुण्ड्रा जिला सरगुजा छत्तीसगढ़ में पदस्थ किया गया है उक्त आदेश के तहत रमेश कुमार हलवाई व्याख्याता एलबी विषय हिंदी को स्थानांतरित संस्था में कार्यभार ग्रहण करने हेतु कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सरगुजा छत्तीसगढ़ के लिए आज दिनांक 12/ 12 /2022 को अपराह्न में भारमुक्त किया जाता है जबकि जारी दिनांक में पदभार ग्रहण नही करने वालो पर कार्यवाही करने की बात लिखी गयी है। उसके बाद भी एमसीबी जिले के खड़गवां विकास खंड के आमाडाड हाई स्कूल में पदस्थ एल बी व्याख्याता को किसी आका का संरक्षण प्राप्त है जो छत्तीसगढ़ शासन के अवर सचिव के आदेश कई लगभग एक वर्ष से धज्जियां उडा रहा है। खड़गवां विकास खंड में व्याख्याताओ का छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग की मंत्रालय के आदेश की एवं जिला शिक्षाअधिकारी बैकुंठपुर जिला कोरिया की खुलेआम धज्जियां कैसे ये व्याख्याता के द्वारा उड़ाई जा रही हैं जानकारी के अनुसार खड़गवां विकास खंड में जिला शिक्षा अधिकारी के नाक के नीचे ही आदेश की धज्जियां उडा रहें हैं।इस व्याख्याता का स्थानांतरण जिस विकास खंड लुण्ड्रा के पटोरा में पदस्थ होने के बाद भी ये व्याख्याता अभी भी खड़गवां विकास खंड के आमाडाड हाई स्कूल में पदस्थ और वहीं पर कार्य कर रहा हैं। खड़गवां विकास खंड से व्याख्याता से स्थानांतरण हुए हैं जो अपने मनचाहे मलाई दार पद पर और मनचाहे जगहों पर पदस्थ हैं और उन्हें छोड़ना नहीं चाहते हैं ऐसे व्याख्याता पर कब जिला शिक्षा अधिकारी कार्यवाही करेंगे या फिर ऐसे ही मनमानी करने के लिए मौन स्वीकृति प्रदान करतें रहेंगे।

इस संबंध में जिला शिक्षाअधिकारी अजय मिश्रा से जानकारी चाही तो उन्होंने ने कहा कि मुझे इस संबंध मे जानकारी नहीं है मुझे एक दिन का समय दिजिए मैं पता कर ही जानकारी उपलब्ध करा सकूंगा।

सीएसईबी चौक से उरगा जाने वाले भारी वाहनों पर रोक,लोगों को अब जाम से मिलेगी राहत

-संवाददाता-
कोरबा,07 अगस्त 2023
(घटती घटना)

कोरबा शहर के भीतर भारी वाहनों के कारण लगने वाले जाम से अब लोगों को मिलेगी राहत द्व क्योंकि अब कुसमुंडा की ओर से सीएसईबी चौक से होते हुए उरगा की ओर जाने वाले भारी वाहनों की एंट्री पूरी तरह बंद कर दी गई है। भारी वाहनों की आवाजाही के लिए सर्वमंगला-तरदा बायपास को खोला गया है। दरअसल जिले में पदस्थ नए कलेक्टर सौरभ कुमार के संज्ञान में आने एवं शहर के निरीक्षण के दौरान मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों से लगने वाले जाम की स्थिति को देखने के बाद तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक लेकर वैकल्पिक मार्ग की संभावनाएं तलाशी। उन्हें इसके लिए सुगम सर्वमंगला-तरदा मार्ग में सर्वमंगला मंदिर के पास अंतिम छोर पर नई रेलवे लाइन आने की वजह से सड़क निर्माण बचे होने का पता चला। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को उक्त हिस्से में एप्रोच रोड बनाकर सर्वमंगला चौक से लोहे के खंभे हटाने और बाइपास रोड के रूप में सर्वमंगला-तरदा मार्ग को खोलने के निर्देश दिए जिससे अब शहर वासियों को भारी वाहनों के चलते सड़कों पर लगने वाले जाम से मिलेगी राहत।

किशोरी का गर्भपात कराने वाले डॉक्टर को भेजा गया जेल

-संवाददाता-
कोरबा,07 अगस्त 2023
(घटती घटना)

कोरबा जिले के जटगा क्षेत्र में पुलिस ने एक मामले में कार्यवाही करते हुए पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के रहने वाले झोलाछाप डॉक्टर को गिरफ्तार कर भेजा जेल। झोलाछाप डॉक्टर पर किशोरी का गर्भपात कराने का लगा है आरोप।

कटघोरा पुलिस थाना क्षेत्र के जटगा चौकी अंतर्गत पुलिस ने धारा 376 और पास्को एक्ट की धारा 06 के अंतर्गत मेरई गांव के रहने वाले मोहन सिंह गोंड़ 24 वर्ष को आरोपी नामजद किया था। उस पर एक

किशोरी से पिछले दिनों दुष्कर्म व धमकाने चमकाने का आरोप है।जिससे डर के कारण पीड़िता ने इस बारे में किसी को नहीं बताया जिसका नतीजा यह हुआ कि वह गर्भवती हो गई। इस मामले में बेतलो गांव में मेडिकल प्रैक्टिस करने वाले कल्पतरु राय 48 वर्ष पिता कुमारेश राय मूल निवासी कुलगाछी थाना धनतला जिला नादिया पश्चिम बंगाल से आरोपी द्वारा संपर्क किए जाने पर उसने कथित रूप से दवाएं उपलब्ध कराई और किशोरी का गर्भपात करा दिया द्य बाद में पीड़िता की हालत खराब होने पर मामला बिगड़ा और जानकारी सार्वजनिक हो गई द्य पूछताछ करने पर किशोरी ने पूरे मामले को बताया जिससे यह स्पष्ट हुआ कि आखिर पीड़िता की तबियत क्यों बिगड़ी । तथ्यों के आधार पर जटगा चौकी प्रभारी भीमसेन यादव ने बेतलो में दबिश देकर आरोपी एवं झोला छाप डॉक्टर कल्पतरू राय को आईपीसी की धाराओं में गिरफ्तार कर लिया तथा कटघोरा कोर्ट में पेश करने के बाद जेल दाखिल कर दिया गया है।

सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना,ले उड़े सामान

-संवाददाता-
कोरबा,07 अगस्त 2023
(घटती घटना)

बीती रात जिले के राजेंद्र प्रसाद नगर के फेस -1 मकान को चोरों ने बनाया अपना निशाना द्य रात के अंधेरे में भारतीय डाक विभाग में कार्यरत एक महिला के एलआईजी -104 से चोरों ने काफी सामान पार कर दिया द्य बताया जा रहा है के जिस वक्त यह घटना घटी उस वक्त घर में कोई नही था जिससे चोरों ने बड़े आसान तरीके से अपने

कारनामे को अंजाम दिया। सिविल लाइन पुलिस थाना रामपुर के अंतर्गत डॉ. राजेंद्र प्रसाद नगर के एलआईजी-104 में गत रात्रि को यह घटना हुई।

सुबह जब आसपास के लोगों ने सामने के दरवाजे का ताला टूटा हुआ पाया, तब अनहोनी की आशंका पर मकान मालकिन को सूचित किया । बताया गया कि महिला के पति रायगढ़ जिले में काम करते हैं और वह इसी क्षेत्र में निवासरत अपनी मां के यहां सोने जाती है। ऐसी स्थिति में आवास सूना रहता है। संभवत- पिछले कुछ दिनों से अराजक तत्वों की नजर इस पर बनी हुई थी। लगातार निगरानी करने के साथ चोरों ने अपनी योजना को अंजाम देना सुनिश्चित किया और रात्रि में आभूषण सहित कई सामान पार कर दिए। इस मामले में खबर होने पर आसपास के लोग हरकत में आए। इसके साथ ही महिला भी यहां पहुंच गई थी। मीडिया द्वारा प्राथमिक पूछताछ करने के साथ जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो बताया गया कि उसके पति रायगढ़ में हैं और उनके आने के बाद ही इस बारे में विस्तृत जानकारी दिया जा सकेगा । उक्त मामले में पुलिस द्वारा छानबीन की जा रही है जल्द चोरों को गिरेफ्तार करने की बात कही गई है।

नहर में डूबने से 2 वर्षीय मासूम की हुई मौत

-संवाददाता-
लखनपुर, 07 अगस्त 2023
(घटती घटना)

जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र के कुन्नी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम तिरकेला में रविवार की शाम नहर में डूबने से 2 वर्ष मासूम बच्ची की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच की जांच में जुटी है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक तिरकेला निवासी सुरेश तिर्की की 2 वर्षीय बच्ची आराधना तिर्की अपने 7 वर्षीय भाई अकास और 4 वर्षीय बहन के साथ घर में थी।घर के सभी सदस्य खेत में रोपा लगाने गए हुए थे। मृतिका बच्ची के भाई बहन खेलते खेलते सो गए दो वर्षीय मासूम घर से 50 मीटर की दूरी पर खेलते खेलते नहर मेड़ में चढ़ी और नहर में गिरी गिरने से सर में चोट आई और नहर के पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। जब परिजन घर पहुंचे तो दोनों बच्चे रो रहे थे। और आराधना तिर्की के कहीं चले जाने की बात कही उसके बाद उसके पिता द्वारा बच्ची की खोजबीन शुरू की गई तो नहर के बेशर्म झाड़ में पैर फसा देखा और उसके शव को नहर से निकाल कर घटना की सुचना कुनी पुलिस को दी। कुन्नी पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई कर 7 अगस्त दिन सोमवार को शव का पंचनामा पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सुपुर्द करते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है।

जनता से संबंधित विकास कार्य हमारी प्रथम प्राथमिकता-राजस्वमंत्री जयसिंह अग्रवाल

-संवाददाता-
कोरबा,07 अगस्त 2023
(घटती घटना)

प्रदेश के राजस्व व आपदा मंत्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य अत्थित्य में नगर पालिक निगम के वार्ड न 24 एम पी नगर में 11 लाख 17 हजार रुपए की लागत से शेड ,स्टोररूम वा टॉयलेट का निर्माण कार्य एवं 16लाख 37 हजार की लागत से स्मृति उद्यान,पुसपलता उद्यान, एम पी नगर उद्यान,बिसाहू दास महंत उद्यान शिवाजीनगर उद्यान में खेल उपकरण प्रदाय एवं स्थापना कार्यो का

भूमिपूजन किया गया द्य इस दौरान कार्यक्रम का अध्यक्षता महापौर राजकिशोर प्रसाद द्वारा की गई वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण प्रसाद एवं एल्डरमैन उपस्थित थे द्व कार्यक्रम में राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा की सड़क, पानी, बिजली ,साफ सफाई, सड़क की रोशनी जैसे मूलभूत सुविधाएं सुगमता से प्राप्त होना आम नागरिकों का हक है तथा लोगों को इन सभी सुविधाओं को उपलब्ध कराना शासन प्रशासन का दायित्व है अतः इस बात को ध्यान में रखते हुए कोरबा नगर निगम क्षेत्रों में व्यापक रूप से कार्य किए गए है तथा वार्डो की समस्याओं को दूर कर लोगों को इन सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है एवं जनता से संबंधित जो भी विकाश की मांग होगी उसको तत्काल पूरा करने का प्रयत्न किया जायेगा।

वेदांता बालको ने एलजीबीटीक्यू प्लस कर्मचारियों की लिंग पुनर्पुष्टि के लिए प्रस्तुत की नई नीति

ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को लिंग पुनर्निर्धारण सर्जरी के लिए मिलेगी वित्तीय व अन्य मदद

-संवाददाता-
कोरबा,07 अगस्त 2023
(घटती घटना)

विनिर्माण क्षेत्र में देश के सबसे बड़े एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम की अनुषंगी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने प्रचालन में नियुक्त एलजीबीटीक्यूप्लस कर्मचारियों के कल्याण की दिषा में विशिष्ट समावेशी पहल करते हुए 'लिंग पुनर्पुष्टि अवकाष एवं मुआवजा नीति' क्रियान्वित की है। यह नीति वेदांता एल्यूमीनियम के समस्त प्रचालनों में कार्यरत ट्रांसजेंडर कर्मचारियों के लिए लागू है। इस नीति से लिंग पुनर्निर्धारण सर्जरी के इच्छुक जरूरतमंद कर्मचारियों को मदद मिलेगी। विविधता एवं समावेशन के प्रोत्साहन की दिशा में कंपनी की यह नीति अत्यंत महत्वपूर्ण है। चूंकि भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में लिंग विविधता का अनुपात काफी कम है इस दृष्टि से वेदांता बालको की नीति औद्योगिक जगत के लिए बेहद प्रगतिशील एवं प्रेरणादायी है। बालको में कार्यरत दो ट्रांसजेंडर कर्मचारी इस नीति से लाभान्वित हो चुके हैं।'लिंग पुनर्पुष्टि अवकाश एवं मुआवजा नीति' के अंतर्गत

ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को एकमुश्त दो लाख रुपए दिए जाने का प्रावधान है जिसमें लिंग पुनर्निर्धारण सर्जरी में होने वाले चिकित्सकीय खर्च शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 30 दिनों का सवैतनिक अवकाश दिया जाता है ताकि सर्जरी के बाद ट्रांसजेंडर कर्मचारी शारीरिक और मानसिक परिवर्तनों के बीच अपने स्वास्थ्य की देखभाल कर सकें। बालको द्वारा अपने कर्मचारियों के लिए सर्वसुविधायुक्त विश्व स्तरीय टाउनशिप स्थापित है जिससे कंपनी को अपने विविधतापूर्ण कार्यबल के व्यक्तिगत विकास और नए आयामों की खोज की दिशा में उनके प्रोत्साहन के लिए उत्साहजनक वातावरण विकसित करने में मदद मिलती है।

नई नीति की अहमियत रेखांकित करते हुए वेदांता बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक श्री राजेष कुमार ने कहा, '' ट्रांसजेंडर समुदाय के कर्मचारियों को प्रगति के अवसर मुहैया कराने की दृष्टि से कंपनी की यह नीति मील का पत्थर साबित होगी। इससे ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को सतत आजीविका के नए आयाम ढूंढने में मदद मिलेगी। वेदांता बालको में हम ऐसा कार्यस्थल बनाने के लिए कटिबद्ध हैं जहां प्रत्येक टीम सदस्य हर दृष्टि से सशक्त महसूस करे तथा वे अपनी प्रतिभा एवं क्षमता के अनुरूप देष की उत्तरोत्तर प्रगति में योगदान सुनिष्चित कर सकें।

ट्रांसजेंडर वेलफेयर सोसाइटी की सदस्य और छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति की अध्यक्ष सुश्री विद्या राजपूत ने इस पहल को सराहते हुए कहा, ''ट्रांसजेंडर कर्मचारियों के लिंग पुनर्निर्धारण की दिषा में नीति बनाने पर मैं वेदांता बालको की प्रतिबद्धता की हार्दिक प्रशंसा करती हूं। देश के अग्रणी एल्युमिनियम उत्पादक बालको ने लिंग पुनर्पुष्टि के महत्व को समझ कर प्रभावी नीति निर्माण करते हुए औद्योगिक बिरादरी के लिए नई मिसाल बनाई है।

वर्तमान में वेदांता एल्यूमीनियम के सभी प्रचालनों में तकरीबन 30 ट्रांसजेंडर कर्मचारी संपत्ति सुरक्षा, सामग्रियों के आवागमन व आतिथ्य सत्कार संबंधी विविध कार्यों में संलग्न हैं। इनमें से 18 बालको में कार्यरत हैं। ट्रांसजेंडर समुदाय को समाज के हाशिए से निकाल कर उन्हें बड़े विनिर्माण प्रचालनों तक पहुंचाने में मदद की दिशद्व में वेदांता बालको द्वारा अपनाए गए त्रिस्तरीय तरीकों में शामिल हैं।

सूरजपुर व जीएल चर्च गोधनपुर की टीम ने जीता अपना-अपना मैच

-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अगस्त 2023
(घटती घटना)

नावापारा चर्च मैदान में खेले जा रहे संत मदर तेरेसा गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के अन्तर्गत सोमवार को प्रथम मैच एक्का क्लब सूरजपुर व ब्लू आर्मी फूलवारपारा के मध्य खेला गया। जिसमें सूरजपुर की टीम ने 1-0 गोल से मैच जीता। दूसरा मैच जीएल चर्च गोधनपुर व सेंट जेवियर्स कॉलेज बी के मध्य खेला गया।

प्रथम हाफ में गोधनपुर की टीम ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए 4-1 गोल से मैच जीत लिया। मंगलवार को प्रथम मैच इंदिरानगर व केशवपुर तथा दूसरा मैच बबौली धौरपुर व बतौली बिलासपुर के मध्य खेला जाएगा। आज के मैच निर्वाचक रवि तिर्की प्रबोध तथा निरंजन थे।

नवपदस्थ तहसीलदार ने किया पदभार ग्रहण

-संवाददाता-
भैयाथान,07 अगस्त 2023 (घटती घटना)

तहसील कार्यालय में नवपदस्थ तहसीलदार ने पदभार ग्रहण कर लिया है। तहसीलदार ओपी सिंह का स्थानांतरण कोरिया हो जाने पर तहसीलदार समीर शर्मा ने पदभार ग्रहण कर लिया है। तहसीलदार श्री शर्मा ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता राजस्व विभाग के सभी कार्य समय पर हों और किसानों को उनके काम के कारण परेशान न होना पड़े।तथा राजस्व प्रकरणों का निपटारा समय पर हो यह भी ध्यान रखा जायेगा व मेरे द्वारा चल रहे निर्वाचन कार्य को भी जिमेदारी पूर्वक निर्वहन किया जाएगा।

राजनाथ सिंह ने खेल में नियम बनाए रखने पर दिया जोर

फुटबॉल में ऑफसाइड नियम के बारे में आप सभी को पता होना चाहिए

गुवाहाटी,07 अगस्त2023। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने असम के कोकराझार में डूरंड कप के 132 वें संस्करण का उद्घाटन करते हुए इसकी तुलना फुटबॉल खेल से करते हुए समाज के भीतर नियमों और विनियमों को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया।

इस अवसर पर अपनी टिप्पणी में उन्होंने कहा, फुटबॉल में नियम और कानून बहुत महत्वपूर्ण हैं। फुटबॉल में ऑफसाइड नियम के बारे में आप सभी को पता होना चाहिए। अगर कोई खिलाड़ी ऑफसाइड जाकर भी गोल करता है, तो उसे गोल नहीं माना जाता है। यानी जैसे ही आप नियमों के विरुद्ध जाते हैं तो आपका कोई भी प्रयास सफल भी हो जाए तो उसका कोई मतलब नहीं रह जाता। उन्होंने कहा, चाहे खेल हो, समाज हो या देश, नियम बहुत महत्वपूर्ण हैं और उन्हें बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। एक सच्चा खिलाड़ी और सच्चा नागरिक वही है जो खेल और समाज के सभी नियमों के अनुसार अपना कर्तव्य निभाता है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि फुटबॉल एक ऐसा खेल है जो लोगों को जोड़ता है और यह शांति का खेल है। ब्राजील के फुटबॉल दिग्गज पेले का एक उदाहरण याद करते हुए उन्होंने कहा, 1970 के दशक में नाइजीरिया में गृह युद्ध छिड़ गया था। उस युद्ध में हजारों लोगों की जान चली गई थी और माहौल बेहद तनावपूर्ण था। पुलिस या नेताओं की ओर से कोई अपील नहीं की गई। स्थिति को शांत करने में सफल रहे, लेकिन जब पेले एक दोस्ताना मैच खेलने के लिए वहां पहुंचे, तो कहा जाता है कि 48 घंटों तक पूरे देश में कोई घटना नहीं हुई।

साई स्टेडियम में उत्साही भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने कोकराझार में सकारात्मक माहौल बनाने के लिए सशस्त्र बलों और बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद (बीटीसी) के प्रयासों की सराहना की, जिसके परिणामस्वरूप शहर में पहली बार यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने फुटबॉल के प्रति उत्साह और प्रेम के लिए पूर्वोत्तर के लोगों की सराहना की और 'सुंदर खेल' को सिर्फ एक खेल नहीं बल्कि एक भावना बताया।

यह कहते हुए कि असम ने हाल के दिनों में कई फुटबॉल प्रतिभाएं पैदा की हैं, राजनाथ सिंह ने विश्वास जताया कि डूरंड कप युवाओं को नए जोश के साथ खेल में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी क्षेत्र की समृद्ध खेल संस्कृति के बारे में बात की और सभी भाग लेने वाली टीमों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कोकराझार में टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए भारतीय सेना को धन्यवाद दिया और सहायता के लिए बीटीसी के प्रयासों की सराहना की।

उद्घाटन समारोह में राज्य और क्षेत्र भर से लगभग 12,000 फुटबॉल प्रशंसक शामिल हुए। समारोह के मुख्य आकर्षणों में सुखोई-30 एमकेआई विमान और एमआई-17 हेलीकॉप्टरों द्वारा फ्लाईपास्ट, मार्शल प्रदर्शन, गतका और भांगड़ा और स्थानीय मंडली द्वारा बोडो सांस्कृतिक नृत्य का प्रदर्शन शामिल था।

उद्घाटन समारोह के बाद बोडोलैंड एफसी और राजस्थान यूनाइटेड एफसी के बीच टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच हुआ। कोकराझार में आठ ग्रुप मैच और 24 अगस्त को एक क्वॉर्टर फाइनल खेला जाएगा। नेपाल और बांग्लादेश की दो विदेशी टीमों, भारतीय सशस्त्र बलों की सभी तीन टीमों और बोडोलैंड एफसी की स्थानीय टीम सहित कुल 24 टीमें टूर्नामेंट के दौरान कोलकाता, गुवाहाटी और कोकराझार में तीन स्थानों पर भिड़ेंगी।

विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप:अदिति स्वामी,ओजस देवताले ने कंपाउंड विश्व चैंपियन का खिताब जीता

बर्लिन ,07 अगस्त2023। भारत की अदिति गोपीचंद स्वामी और ओजस प्रवीण देवताले ने विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 में क्रमशः महिला और पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। भारत ने बर्लिन तीरंदाजी प्रतियोगिता को चार पदकों तीन स्वर्ण और एक कांस्य के साथ समाप्त किया। सभी पदक कंपाउंड तीरंदाजों ने जीते।

छठी वरीयता प्राप्त 17 वर्षीय अदिति ने फाइनल में मैक्सिको की एंड्रिया बेसेरा को 149-147 से हराया और सीनियर विश्व चैंपियनशिप में व्यक्तिगत स्पर्धा जीतने वाली सबसे कम उम्र की तीरंदाज बन गई।

यू18 विश्व चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक अदिति ने सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त साथी भारतीय ज्योति सुरेखा वेन्नम को 149-145 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

इस बीच, ज्योति सुरेखा वेन्नम ने महिलाओं की व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में तुर्की की इपेक तोमरुक को 150-146 से हराकर कांस्य पदक जीता। एक अन्य भारतीय तीरंदाज परनीत कौर चार्टर फाइनल में ज्योति सुरेखा वेन्नम से हारकर बाहर हो गई।

बाद में दिन में भारत के ओजस प्रवीण देवतले पुरुषों की व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में विजयी हुए। ओजस ने कड़े मुकाबले में पोलैंड के लुकाज़ प्रिज़ीबिल्स्की को 150-149 से हराया और विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष तीरंदाज बन गए।

21 वर्षीय ओजस ने इससे पहले क्रमशः सेमीफाइनल और क्वॉर्टर में पूर्व विश्व चैंपियन, डच तीरंदाज माइक श्लोसेर और पोलैंड के प्रेज़ेमिस्लाव कोनेकी को हराया था। बर्लिन में विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 में भारत का अभियान, जो तीरंदाजों के लिए पहला पेरिस 2024 ओलंपिक चालीफायर इवेंट है, शनिवार को समाप्त हो गया।

किसी भी भारतीय रिकर्व तीरंदाज ने पदक दौर में जगह नहीं बनाई, जिससे बर्लिन में प्रस्तावित पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए कोई भी ओलंपिक कोटा स्थान जीतने में असफल रहा। ओलंपिक में केवल रिकर्व तीरंदाजी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं।

मिथुन मंजुनाथ बने नीलामी के सबसे महंगे खिलाड़ी

बेंगलुरु ,07 अगस्त2023। बेंगलुरु के शटलर मिथुन मंजुनाथ, जिन्होंने कुछ दिन पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन में सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह किन यू को हराया था, जीपीबीएल सीजन 2 में नीलामी के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं।

25 वर्षीय को बीती देर शाम आयोजित नीलामी में चेन्नई सुपरस्टार्स ने 14.5 लाख की भारी कीमत पर हासिल किया था। मिथुन जिनका बेस प्राइस 8 लाख रुपये था, उनके लिए बेंगलुरु टाइगर्स और चेन्नई सुपरस्टार्स के बीच कड़ी टक्कर हुई।

जीपीबीएल का बहुप्रतीक्षित सीजन 27 अगस्त से 9 सितंबर तक बेंगलुरु में आयोजित किया जाएगा। टीमों को दो से अधिक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को चुनने का विकल्प दिए जाने के बाद कुल मिलाकर 15 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का चयन किया गया।

शिन बेक-चिओल सीजन के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे, जिन्हें 14 लाख की बड़ी कीमत मिली। भारत के बीडब्ल्यूए विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता बी साई प्रणीत को नॉर्थईस्ट राइनोज़ ने 10 लाख रुपये में खरीदा। पांचवीं सबसे ऊंची खरीदारी यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा की थी, जिन्हें मुंबई वॉल्व्स ने 9 लाख रुपये में खरीदा।

ड्राफ्ट में आगामी सीज़न में आठ फ्रेंचाइज़ियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए 150 के रोस्टर में से 80 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चुना गया। नीलामी के लिए कुल 500 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया था।

आठ टीमों में से प्रत्येक - बेंगलुरु टाइगर्स, हैदराबाद हाउंड्स, चेन्नई सुपरस्टार्स, गुजरात लायंस, केरल टस्कर्स, मुंबई वॉल्व्स, पुणे पैंथर्स और नॉर्थईस्ट राइनोज़ - के पास अपनी ड्रीम टीम तैयार करने के लिए 35 लाख रुपये खिलाड़ी पर्स था।

प्रत्येक टीम में एक आइकन खिलाड़ी, न्यूनतम दो टियर-1 खिलाड़ी, न्यूनतम दो टियर-2 खिलाड़ी और न्यूनतम दो महिला खिलाड़ी होती हैं, जिसमें दो से अधिक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को चुनने का विकल्प नहीं होता है। जीपीबीएल के आयुक्त प्रशांत रेड्डी ने कहा, च्हमने प्रति टीम अधिकतम दो अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का नियम अपनाया क्योंकि हम जीपीबीएल का हिस्सा बनने के लिए अधिक से अधिक मौका भारतीय खिलाड़ियों को देना चाहते थे।

क्रिकेट प्रेमियों का इंतजार खत्म

» 7 साल बाद भारत आएगी पाक क्रिकेट टीम

इस्लामाबाद,07 अगस्त 2023। भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच का रोमांच पूरी दुनिया में छाया रहता है। अब ये रोमांच भारत की धरती पर दोनों देशों के बीच होने वाले मैच में देखने को मिलेगा। पाकिस्तान सरकार ने अपनी टीम को भारत भेजने की इजाजत दे दी है। इसके साथ ही 7 साल के इंतजार के बाद पाकिस्तानी टीम फिर भारत आएगी। इससे पहले 2016 के टी20 वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान ने भारत का दौरा किया था। भारत और पाकिस्तान के बीच वनडे वर्ल्ड कप में 14 अक्टूबर को टक्कर हो सकती है। ये मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर टीम को भारत भेजने के फैसले का ऐलान किया। आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 का आगाज 5 अक्टूबर से होने जा रहा है, जो 19 नवंबर तक चलेगा। वर्ल्ड कप का मेजबान भारत है। पाकिस्तान टीम के इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने पर असमंजस की स्थिति थी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा था कि वर्ल्ड कप में हमारी टीम खेलेगी या नहीं इसका निर्णय सरकार करेगी। वहीं, पाकिस्तान की सरकार ने अब अपनी क्रिकेट टीम को वर्ल्ड कप में खेलने के लिए हरी झंडी दे दी है।

ऑस्ट्रेलियन ओपन 2023 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रणय

सिडनी ,07 अगस्त 2023। अनुभवी भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने अपने युवा हमवतन प्रियांशु राजावत को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2023 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में कदम रख लिया। विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिज़ प्रणय ने 43 मिनट चले सेमीफाइनल में 31वीं रैंकिंग वाले प्रियांशु को 21-18, 21-12 से मात दी। प्रियांशु के खिलाफ दो मुकाबलों में यह प्रणय की दूसरी जीत है। इस साल अपने दूसरे फाइनल में प्रणय चीन के वेंग होंग यांग का सामना करेंगे जो सेमीफाइनल में मलेशिया के ली ज़ी जिया को हराकर आ रहे हैं। पहले गेम में दोनों भारतीयों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी, हालांकि छठी वरीयता प्राप्त प्रणय ब्रेक तक 11-8 से आगे रहे। प्रियांशु ने अपनी प्रतिस्पर्धी ऊर्जा के साथ गेम को 18-18 पर बराबर किया लेकिन प्रणय ने अगले तीन पॉइंट स्कोर कर मैच में 1-0 की बढ़त ले ली। दूसरे गेम में प्रणय ने तेज़ी के साथ 7-3 की बढ़त ली और अपने जुझारू प्रदर्शन के बावजूद प्रियांशु बाकी के गेम में आगे नहीं निकल सके। प्रणय 11-7 की बढ़त के साथ ब्रेक में गये और गेम के दूसरे हिस्से में प्रियांशु पर अपना वर्चस्व कायम करते हुए 43 मिनट में मैच जीत लिया। इस साल मलेशिया मास्टर्स के रूप में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले प्रणय ने फाइनल में पहुंचने पर कहा, च्सच कहूं तो यह बहुत सैटिस्फाइंग है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ 10 के खिलाफ खेलना हमेशा मुश्किल होता है। मेरे लिये पिछले दो साल बहुत अच्छे रहे हैं और मैं नियमित रूप से मुकाबले जीतने में सक्षम रहा हूं। उम्मीद है कि मैंने जो मलेशिया में किया था उस जैसा कुछ कर सकूंगा। गौरतलब है कि पेरिस ओलंपिक 2024 के लिये बैडमिंटन की क्वालीफिकेशन खिड़की एक मई को खुल चुकी है। ऑस्ट्रेलियन ओपन के नतीजे ओलंपिक के लिये क्वालीफाइंग रैंकिंग को प्रभावित करेंगे।



वनडे सीरीज के लिए नूर अहमद की टीम में वापसी

काबुल ,07 अगस्त 2023। विश्व भर की टी20 लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाले अफगानिस्तान टीम के युवा स्पिन गेंदबाज नूर अहमद की टीम में वापसी हुई है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान के खिलाफ श्रीलंका में खेली जाने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम का नेतृत्व हशमतुल्लाह शाहिदी करेंगे। दोनों टीमों के लिए एशिया कप और वर्ल्ड कप को ध्यान में रखकर यह सीरीज अहम है, क्योंकि उनके पास मौका है अपनी रणनीति और तैयारी को और मजबूत करने का। विश्व भर की टी20 लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाले अफगानिस्तान टीम के युवा स्पिन गेंदबाज नूर अहमद को एक बार फिर टीम में शामिल किया गया है। नूर की वापसी का मतलब है कि बाएं हाथ के स्पिनर जिया उर रहमान अकबर को बाहर बैठना पड़ेगा, जिन्होंने हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया था।

बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैम्पियनशिप में भारत की अगुवाई करेंगे शेट्टी और हुड्डा

नयी दिल्ली ,07 अगस्त 2023। उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा अमेरिका में 25 सितंबर से होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैम्पियनशिप में भारत की 16 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगे। टीम का चयन दिल्ली में 26 से 29 जुलाई के बीच हुए ट्रायल में किया गया। भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने एक बयान में कहा ,''ट्रायल काफी प्रतिस्पर्धी था और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिये ट्रायल अनिवार्य किये जाने के बाद से कई नये चेहरे आये हैं।'' ओडिशा ओपन 2022 चैम्पियन हुड्डा लड़कियों के वर्ग में चुनौती का नेतृत्व करेगी जिसमें बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज तारा शाह और देविका सिहाग भी शामिल हैं।

अमीएक विर्क अभिनीत फिल्म जूनियर का टीजर रिलीज हो गया है

मुख्य भूमिका में एमिएक विर्क का आधिकारिक टीजर आउट हो गया है। हरमन ढिल्लों द्वारा निर्देशित, शानदार एक्शन थ्रिलर एक ऐसे व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक पिता है और अब तक का सबसे घातक हत्यारा है।नादर फिल्म्स के बैनर तले अमीक विर्क और बीरेंद्र कौर द्वारा निर्मित। फिल्म में सृष्टि जैन, कबीर बेदी, प्रदीप रावत और योगराज सिंह भी मुख्य भूमिका में हैं। एमिएक विर्क ने अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर फिल्म का टीजर साझा करते हुए इसे कैप्शन दिया, एक पिता के क्रोध का गवाह बनें। अभी टीजर जारी।

फिल्म में प्रदीप चीमा, अजय जेठी, रोनी सिंह, राम औजला और राणा जसलीन भी महत्वपूर्ण सहायक भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 18 अगस्त 2023 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है और इसका वितरण रिदम बॉयज़ द्वारा किया जा रहा है।

पूजा हेगड़े में चढ़ा बॉर्बी का खुमार,पिंक नेकलाइन ड्रेस में शेयर की ग्लैमरस तस्वीरें

बॉलीवुड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े आए दिन अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर अक्सर इंटरनेट का तापमान बढ़ा देती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनके हर एक लुक पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने बॉर्बी लुक में अपनी फोटोज शेयर कर फैंस के दिलों की धड़कनें तेज कर दी है। इन तस्वीरों में उनका स्टाइलिश अवतार देख फैंस लट्टू हो गए हैं। किसी का भाई किसी की जान फेम एक्ट्रेस पूजा हेगड़े हमेशा सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनके हर एक अंदाज की तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब पूजा हेगड़े ने अपना लेटेस्ट फोटोशूट फैंस के बीच शेयर किया है। इन तस्वीरों में बॉर्बी लुक में नजर आ रही हैं। पूजा हेगड़े ने अपनी इन तस्वीरों में पिंक कलर का नेकलाइन बॉडीकॉन आउटफिट पहना हुआ है। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं अभिनेत्री कैमरे के सामने बेहद ही हॉट और सिजलिंग पोज में फोटोज क्लिक करवा रही हैं। ओपन हेयर, लाइट मेकअप और चेहरे पर क्यूट सी स्माइल देते हुए एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को अच्छे से निखारा है। अभिनेत्री पूजा अपने इस बॉडीकॉन आउटफिट में परफेक्ट बॉडी फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो अक्सर इंटरनेट का पारा बढ़ा देती हैं। हालांकि उनके इस लुक को देखकर भी फैंस उनके हुस्न के दीवाने हो गए हैं।



जारी हुआ स्कैम 2003- द तेलगी स्टोरी का टीजर

निर्देशक हंसल मेहता अपने तरह की फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी फिल्मों को देखने वाला सीमित दर्शक वर्ग रहा है। ओटीटी पर हंसल मेहता को अच्छी लोकप्रियता हासिल हुई है। उनकी प्रतीक गाँधी अभिनीत स्कैम 1992: द हर्षत मेहता स्टोरी ने अपने साथ असंख्य दर्शकों को जोड़ने में सफलता प्राप्त की। अब हंसल मेहता इसी सीरीज का दूसरा भाग लेकर आए हैं। मेकर्स ने हाल ही में इस सीरीज का टीजर रिलीज किया। 'स्कैम 2003- द तेलगी स्टोरी' टाइटल्ड इस सीरीज में साल 2003 में हुए 30 हजार करोड़ के स्टाम्प घोटाले की कहानी दिखाई जाएगी। यह घोटाला नकली स्टांप पेपर छापने वाले अब्दुल करीम तेलगी ने किया था। रिपोर्ट्स की मानें तो सीरीज में एक्टर गगन देव लीड रोल प्ले करते दिखेंगे। टीजर में मेकर्स ने सीरीज में अब्दुल करीम तेलगी का रोल प्ले करने वाले एक्टर का फेस रिवील नहीं किया है। इसकी शुरुआत में मनोज बाजपेयी का वॉयस ओवर सुनाई दे रहा है। वो बता रहे हैं कि 2003 में इतना बड़ा स्कैम हुआ कि जीरो कम पड़ गए। यह सीरीज 2003 में हुए तेलगी स्कैम पर बेस्ड है। इस स्कैम में नकली स्टांप पेपर छापने वाले अब्दुल करीम तेलगी की कहानी दिखाई जाएगी। अब्दुल ने एक वेंडर के रूप में शुरुआत की थी और ट्रैवल कंपनियों में काम करते हुए नकली टिकटों के जरिए इतने बड़े घोटाले को अंजाम दिया था। कई राज्यों में फैले इस घोटाले ने पूरे देश को शॉक कर दिया था। सीरीज 2 सितंबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लाइव पर स्ट्रीम होगी। सीरीज के लिए हंसल ने पत्रकार संजय सिंह की किताब रिपोर्टर की डायरी से इनपुट लिए हैं। इसे हंसल मेहता ने डायरेक्टर तुषार हीरनंदानी के साथ निर्देशित किया है। तुषार इससे पहले 'सांड की आंख' निर्देशित कर चुके हैं।

ट्रेनों के अनियमित परिचालन को लेकर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

ट्रेनों के निरस्त और विलंब से चलने के कारण प्रदेशवासियों को हो रही परेशानी का किया जिक्र

» छत्तीसगढ़ के दूरस्थ अंचलों में रहने वाले लोगों को हो रही दिक्कतों से कराया अवगत

» ट्रेनों के सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए रेल मंत्रालय को निर्देश देने का किया आग्रह

रायपुर, 07 अगस्त 2023(ए)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली यात्री गाड़ियों के अनियमित परिचालन से राज्य के लाखों नागरिकों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पत्र में लिखा है कि रेलवे द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के कभी भी बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनों को निरस्त करने की सूचना जारी कर दी जाती है निरस्त ट्रेनें कब तक निरस्त रहेगी, इसकी भी जानकारी यात्रियों को नहीं दी जाती। यात्री ट्रेनों की निरस्ती के अलावा ट्रेनों के अत्यधिक विलम्ब से चलने से भी रेल यात्रियों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मेरे द्वारा पूर्व में रेल मंत्री जी को भी अनेक अवसरों पर यात्री ट्रेनों के सुचारू परिचालन हेतु ध्यान आकर्षित कराया गया, किन्तु उससे स्थिति में कोई सुधार परिलक्षित नहीं हो रहा है।



मुख्यमंत्री श्री बघेल ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को अपने पत्र के माध्यम से कहा है कि ट्रेनों के इस तरह असामान्य संचालन से छात्रों, तीर्थयात्रियों, मरीजों, रोजगार के लिये राज्य में आने वाले व्यक्तियों, व्यवसायियों, श्रमिकों तथा परीक्षार्थियों के अनेक पूर्व निर्धारित कार्यों का सम्पादन संभव नहीं हो पा रहा है। राज्य की अर्थव्यवस्था पर भी धीरे-धीरे इसका प्रभाव दिखने लगा है। लम्बी अवधि से ट्रेनों के निरस्त होने तथा विलम्ब से चलने के कारण राज्यवासियों में आक्रोश व्याप्त है तथा जिससे सरकार और रेल्वे की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगने लगे हैं।श्री बघेल ने पत्र में लिखा है कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के कारण छत्तीसगढ़ में ट्रेनों का घनत्व राष्ट्रीय औसत से बहुत कम है तथा दूरस्थ अंचलों में रहने वाले लोगों के लिये यात्री ट्रेनें ही आवागमन का एकमात्र सुलभ साधन है। देश के अन्य किसी भी राज्य में यात्री ट्रेनों के संचालन संबंधी इतनी अव्यवस्थायें संभवतः नहीं होगी। स्थिति की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये आपसे अनुरोध है कि आपके स्तर से रेलवे मंत्रालय को राज्य की यात्री ट्रेनों के पूर्ववत सुचारू परिचालन सुनिश्चित करने के निर्देश देने का कष्ट करें ताकि राज्यवासियों को हो रही समस्याओं का अंत हो तथा उनके आक्रोश को शांत किया जा सके ।

छत्तीसगढ़ में 58% आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

शैक्षणिक संस्थाओं में एससी, एसटी,ओबीसी छात्रों के लिए 58 परसेंट आरक्षण लागू

रायपुर,07 अगस्त 2023 (ए)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास कार्यालय में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित हुई। मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य के शैक्षणिक संस्थाओं में पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था के अन्तर्गत प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्णय लिया गया।

माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा राज्य शासन की ओर से दायर एसएलपी में पारित अंतरिम आदेश दिनांक एक मई 2023 के अंतर्गत राज्य में पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था अनुसार नियुक्ति / चयन प्रक्रियाओं को जारी रखने हेतु अंतरिम राहत प्रदान की गई है। इस अंतरिम आदेश के अनुरूप ही, अंतरिम तौर पर, मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं में भी प्रवेश प्रक्रिया पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था अंतर्गत करने का निर्णय लिया गया है।

हाईकोर्ट में इन पदों पर निकली नौकरी

» 35,400 से 1,12,400 तक मिलेगी सैलरी

बिलासपुर,07 अगस्त 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने ट्रांसलेटर के 8 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन मांगे हैं। इन पदों के लिए इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप के तहत 31 अगस्त 2023 ऑफलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं।

आयु सीमा में दी जाएगी छूट

उम्मीदवारों ने मान्यता प्राप्त संस्थान से पीजी की डिग्री हासिल की होने चाहिए। विस्तृत जानकारी ऑफिशियल वेबसाइट एचटी टीपीएसः//हाईकोर्ट.सीजी.जीओव्ही.आईएन/ पर उपलब्ध है। सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों की आयु 21 से 30 साल के बीच होनी चाहिए। जबकि आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को सरकारी नियमानुसार आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

इन पदों के लिए चयनित उम्मीदवारों को 35,400 से 1,12,400 रुपए प्रति माह वेतन दिया जाएगा। इन पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों का चयन स्क्रीनिंग, लिखित परीक्षा तथा स्किल टेस्ट के आधार पर किया जाएगा।

13 अगस्त को छत्तीसगढ़ आएंगे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे

रायपुर , 07 अगस्त 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ में इस साल के आखिरी में विधानसभा का चुनाव होना हैं। इसको लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां जोर शोर से तैयारी में जुट गए हैं। इसी बीच कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का छत्तीसगढ़ आना तय हो गया है।

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि, खड़गे 13 अगस्त को जांजगीर आ रहे हैं। वे पहले राजधानी रायपुर आएंगे, फिर यहां से जांजगीर जाएंगे। मल्लिकार्जुन खड़गे जांजगीर में भरोसे का सम्मेलन को संबोधित करेंगे। विस्तृत कार्यक्रम एक दो दिन में जारी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सांसद राहुल गांधी को भी आना था लेकिन अब तक दौरे की सहमति नहीं मिली है।

पुराने गुंडे-बदमाशों का अपराधिक रिकार्ड तैयार

» 25 से ज्यादा हिस्ट्रीशीटर होंगे तड़ीपार,

» पुलिस ने सौंपी कलेक्टर को फाइल

रायपुर , 07 अगस्त 2023 (ए)। राजधानी में शांति बनाये रखने पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। सितंबर महीने तक दो दर्जन पुराने बदमाशों को जिले से दूर करने के लिए कलेक्टर को फाइल भेजी गई है। पुराने 15 हिस्ट्रीशीटरों के नाम फाइनल हैं और अब इनमें 10 और नए नाम शामिल किए गए हैं। पुलिस ने बदमाशों को पुरानी हिस्ट्रीशीट को देखते हुए उनकी फाइलें तैयार की गई हैं। जिलाबदर की कार्रवाई के लिए जिन बदमाशों को शामिल किया गया है, उनके नाम पर पहले से ही गंभीर अपराध दर्ज हैं।

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने जिले से पुराने हिस्ट्रीशीटरों को शहर से बाहर करने के लिए कार्रवाई तेज कर दी है। सितंबर महीने तक 25 बदमाशों को तड़ीपार यानी जिलाबदर करने के लिए योजना बनाई गई है। हिस्ट्रीशीटरों में राजनीतिक संगठनों से भी ताल्लुक रखने वाले लोग शामिल हैं। इस मामले में कलेक्टर को फाइल भेज दी गई है, जहां से अनुशंसा कर दी गई है। शहर और ग्रामीण इलाके के गुंडा बदमाश के साथ ही हिस्ट्रीशीटर पर कड़ी नजर रखी जा रही है। ताकि आने वाले चुनाव में किसी तरह के उपद्रव या घटना को अंजाम ना दे सकें। जिले की बात करें तो जिले में गुंडे बदमाश और हिस्ट्रीशीटर की संख्या 956 है।

5 लाख के इनामी नक्सली ने छोड़ा लाल आतंक का साथ

कांकेर, 07 अगस्त 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ के नक्सली जिलों में नक्सलियों के आतंक के बीच कांकेर जिले में एक इनामी नक्सली ने खुद को पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक सरेंडर किए नक्सली पर 5 लाख का इनाम था।

आत्मसमर्पित नक्सली महासमुंद डिविजन में सक्रिय था और ये कई बड़ी वारदातों में शामिल था। बता दें कि सरकार की विचारधारा से प्रभावित होकर हथियार छोड़ सामान्य जीवन जीने के लिए सरेंडर किया। पुलिस अधीक्षको के सामने आत्मसमर्पण करने का फैसला किया है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार पुर्नवास नीति से प्रभावित होकर नक्सली चंदन दर्रो उर्फ जीवन ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित नक्सली सीपीआई माओवादी संगठन अंतर्गत प्रतिबंधित माओवादी संगठन बरगढ़, बलांगीर, महासमुन्द डिवीजन अंतर्गत महासमुन्द पीपीसीएम संगठन में वर्ष 2008 से सक्रिय था।

छग स्टेट पॉवर कंपनी के गारे पेलमा कोयला खदान को मिले चार प्रथम पुरस्कार

रायपुर , 07 अगस्त 2023 (ए)। केंद्रीय खान सुरक्षा महानिदेशालय ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के गारे पेलमा-3, कोयला खदान को ओवरआल सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया है। यह पुरस्कार वर्ष 2022 में 3 मिलियन से 5 मिलियन टन की क्षमता की खुली खदान श्रेणी में दिया गया है। इसके अलावा इस खदान को तीन और श्रेणियों (इंजीनियरिंग, एक्सप्लोसिव मैनेजमेंट एवं डस्ट सेपरेशन) में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है।

भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन खान सुरक्षा महानिदेशालय व्दारा आयोजित वार्षिक सुरक्षा पुरस्कार वितरण समारोह में यह पुरस्कार जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने ग्रहण किया। इस उपलब्धि के लिए पॉवर कंपनी के चेयरमैन अंकित आनंद ने जनरेशन कंपनी की टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

खान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी कोल ब्लाक की वार्षिक समीक्षा कर विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत करता है। यह पुरस्कार खान सुरक्षा निदेशालय एवं साऊथ इस्टर्न कोलफ ील्ड्स लिमिटेड, एनटीपीसी व निजी क्षेत्र के कोयला संस्थानों व्दारा बिलासपुर में आयोजित वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा में प्रदान किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि खान सुरक्षा महानिदेशालय के महानिदेशक प्रभात कुमार एवं एसईसीएल के सीएमडी श्री प्रेमसागर मिश्रा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वर्ष 2022 में जनरेशन कंपनी को चार श्रेणियों में पुरस्कार मिले, जिसमें ओवरऑल सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ग्रुप ई में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।

साथ ही इंजीनियरिंग (ई एंड एम), विस्फ ोटक प्रबंधन तथा धूल पृथककरण श्रेणी में भी प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ कुशल कर्मचारी की श्रेणी के लिये भी पुरस्कृत किया गया है।

इसमें जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था उन्होंने समारोह में कहा कि कोल उत्खनन का कार्य सभी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए पांच साल से किया जा रहा है। हम शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त कर आगे खनन का कार्य जारी रखे हुए हैं। आगामी वर्षों में देश के कोल की जरूरत में अपनी भागीदारी दर्ज करेंगे।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के मुख्य अभियंता देवेंद्र नाथ ने बताया कि जनरेशन कंपनी को गारे पेलमा कोयला खदान आबंटित किया गया है, जहां 2019-20 से ओपन कास्ट माइनिंग किया जा रहा है। यहां से जनरेशन कंपनी के अटल बिहारी वाजपेयी थर्मल पॉवर स्टेशन मड़वा स्थित 500 मेगावाट के दो संयंत्रों (1000 मेगावाट) को कोल आपूर्ति की जाती है। जनरेशन कंपनी के अधिकारियों के सुपरविजन में जीपी सीएल द्वारा गारे पेलमा सेक्टर से कोयला उत्खनन एवं मड़वा विद्युत संयंत्र तक परिवहन का कार्य किया जा रहा है।

मोदी फिर आएंगे छत्तीसगढ़

रायपुर के बाद अब रायगढ़ में होगी जनसभा

रायपुर , 07 अगस्त 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा के चुनाव इस साल के अंत तक होना है। ऐसे में बीजेपी ने अपनी चुनावी अभियान तेज कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी डेढ़ महीने में दूसरी बार छत्तीसगढ़ दौरे पर आनेवालेहै 15 अगस्त के बाद पीएम मोदी की रायगढ़ जिले में आमसभा होने वाली है। बीजेपी पीएम के दौरे से पहले तैयारियों में जुट गई है। रायगढ़ में पीएम मोदी आमसभा को संबोधित करेंगे। दरअसल, सात जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रायपुर में आम सभा को संबोधित किया है। अब पीएम मोदी एक बार फिर से छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। इस बार बिलासपुर संभाग के रायगढ़ जिले में पीएम मोदी की सभा होने वाली है। रायगढ़ शहर से पाच से सात किलोमीटर दूर कोड़ातराई में पीएम मोदी की ये सभा होने वाली है।



दौरे को लेकर बीजेपी तैयारी में जुटी

पीएम के दौरे को लेकर भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। सभा में भीड़ लाने के लिए लगातार मीटिंग हो रही है। दो दिन पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और छत्तीसगढ़ के सह चुनाव प्रभारी मनसुख मंडाविया ने जिले की पांच विधानसभा की कोर कमेटी की बैठक ली है। तैयारियों को लेकर चुनाव प्रभारी ओम माथुर और सह चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविय खुद मोर्चा संभाले हुए है। प्रदेश प्रभारी ओम माथुर और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने शनिवार को सभा स्थल का निरीक्षण किया। इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने ट्वीट किया है।

खेत में नाग-नागिन का जोड़ा मस्ती में कर रहा था अटखेलिया

बलौदाबाजार, 07 अगस्त 2023 (ए)। बलौदाबाजार जिले के पलारी ब्लाक के ग्राम गोड़ा में दो सांपो का एक अनोखा दृश्य देखने को मिला, स्किन में दिखाई दे रहे दोनो सांप एक दूसरे के साथ अपने मस्ती भरे अंदाज में अटखेलिया कर रहे थे ,सांपो के इस अंदाज को आलिंगन कहा जाता है , वैसे इस तरह का दृश्य हर समय नही दिखाई देता ,ऐसा दृश्य आषाढ़ सावन माह में खेत खलियान में नाग नागिन का जोड़ा प्रणय क्रिया करने निकलते है , वही गोडा गांव के किसान पवन जब अपने खेत काम करने जा रहा था तभी अपने खेत के सामने सांप के जोड़े को आलिंगन करते देख इसका वीडियो बनाकर संवाददाता को भेजा जिसने बताया की काफी देर तक वो दूर में खड़े होकर जोड़े को देखता रहा फिर आचनक उसका ध्यान आया कि उसके पास मोबाइल है क्यों न इसका वीडियो बनाया जाए और जब वो वीडियो बनाने लगा तभी आचनक सांप के जोड़ें शायद देख लिया और आवाज सुना फिर दोनो अलग अलग होकर खेत के अंदर भाग गया फिर उसके बाद वो भी वही से वापस लौट आया क्योंकि बारिश होने से खेत सुना था कोई भी किसान अपने खेत नही गए थे जिससे डर लगने से वो भी वापस आ गया।

जूनियर डॉक्टरों ने शिष्यवृत्ति बढ़ाने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

मुख्यमंत्री श्री बघेल से जूनियर डॉक्टर्स एशोसिएशन ने की सौजन्य मुलाकात

रायपुर , 07 अगस्त 2023 (ए)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज शाम यहां उनके निवास कार्यालय में जूनियर डॉक्टर्स एशोसिएशन के प्रतिनिधिमण्डल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमण्डल ने जूनियर डॉक्टर की शिष्यवृत्ति बढ़ाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका आभार जताया। इस अवसर पर डॉ. राकेश गुप्ता सहित जूनियर डॉक्टर बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने जूनियर डॉक्टरों की शिष्यवृत्ति में जो बढ़ोत्तरी की है। उसके नवीन दर के अनुसार पीजी प्रथम वर्ष के लिए 53 हजार 550 रूपये से बढ़ाकर 67 हजार 500 रूपये प्रति माह करने का निर्णय लिया है। इसी तरह पीजी द्वितीय वर्ष के लिए 56 हजार 700 रूपये से बढ़ाकर 71 हजार 450 रूपये प्रति माह तथा पीजी तृतीय वर्ष के लिए 59 हजार 200 रूपये से बढ़ाकर 74 हजार 600 रूपये प्रति माह करने का निर्णय लिया है। एम.बी.बी.एस. के इंटर्नशिप के छात्रों के लिए 12 हजार 600 रूपये से बढ़ाकर 15 हजार 900 रूपये प्रति माह किया गया है। इस प्रकार से राज्य सरकार के इस निर्णय से अब जूनियर डाक्टरों की शिष्यवृत्ति में साढ़े 3 हजार रूपये से लेकर 15 हजार रूपये तक की बढ़ोत्तरी होगी।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमण्डल में डॉ. गौरव सिंह परिहार, डॉ. मनुप्रताप सिंह, डॉ. योगेश्वर स्वर्णकार, डॉ. विजया सिंह, डॉ. प्रीतम प्रजापति, डॉ. दिलीप कुमार साहू, डॉ. हिमांशु सिंह, डॉ. अभिषेक गुजराती, डॉ. सोनल चंद्राकर तथा डॉ. व्योम अग्रवाल आदि शामिल थे।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह*(पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)